सतना
15 अगस्त 2024 गुरुवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित

## शुभकामनाएं



समस्त प्रदेशवासियों को दैनिक समाचार पत्र परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

## अवकाश

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस **15 अगस्त 2024** को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक **17 अगस्त, 2024** को प्रकाशित होगा।

**- संपादक**

# घाटी में फिर हुआ आतंकी हमला, एक कैप्टन शहीद

- 4 आतंकियों के भी मारे जाने की खबर,आर्मी चीफ ने की बैठक





श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में आर्मी कैप्टन शहीद हो गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एनकाउंटर में 4 आतंकियों की भी मारे जाने की खबर है। सेना के मुताबिक, शहीद कैप्टन दीपक सिंह 48 राष्ट्रीय राइफल से हैं। वह डोडा में असार फॉरेस्ट एरिया में चल रहे एनकाउंटर में टीम को लीड कर रहे थे। 16 जुलाई को भी डोडा के डेसा इलाके में मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत 5 जवान शहीद हुए थे। सेना के मुताबिक, एनकाउंटर अभी जारी है। आतंकी जंगल में एक नदी के पास छिपकर फायरिंग कर रहे हैं। सुबह वे फायरिंग के दौरान पीछे भाग गए थे। वहां से जवानों को अमेरिकी एम-4 राइफल और तीन बैग में विस्फोटक मिला है। जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं को लेकर दिल्ली में रक्षा मंत्री ने मीटिंग बुलाई। इसमें एनएसए अजीत डोभाल, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, लड़की से गैंगरेप का दावा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कोलकाता के ट्रेनी डॉक्टर रेप और मर्डर केस में 14 अगस्त, बुधवार को नया खुलासा हुआ है। ऑल इंडिया गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के एडिशनल सेक्रेटरी डॉ. सुवर्ण गोस्वामी ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के हवाले से कहा कि ये रेप नहीं, गैंगरेप हो सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट से 151 ग्राम सीमन मिला है।

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में 2 श्रमिकों की मौत



**तेलगाना (एजेंसी)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्टरी में बुधवार को हुए विस्फोट में दो श्रमिकों की मौत हो गयी जिसके बाद मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने उनके परिवारों के लिए तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। पुलिस के मुताबिक इस विस्फोट में जान गंवाने वाले श्रमिकों की पहचान 65 वर्षीय जी पुल्लाकुट्टी और 35 वर्षीय जे कार्तिक इस्वरन के रूप में हुई है। इस घटना में एस बोस (35) और पी मनिकंदन नामक दो श्रमिक घायल भी हो गये जिन्हें शिवकाशी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए स्टालिन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एक सरकारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये अनुग्रह राशि तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये देने का आदेश दिया है। यह वित्तीय सहायता मुख्यमंत्री जन राहत कोष से प्रदान की जाएगी। विरुधुनगर जिले में श्रीविल्लीपुथुर तालुक के मल्ली उत्कडाई मायाथेवानपट्टी गांव में एक पटाखा फैक्टरी में यह घटना हुई।









## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि 15 अगस्त को भारत गौरवशाली आजादी के 77 वर्ष पूरे कर रहा है। हमारी आजादी की लड़ाई लंबी और कठिन थी। इसमें असंख्य बहादुर लोगों ने अपना बलिदान दिया। स्वतंत्रता दिवस उन समस्त महापुरुषों और बलिदानियों को नमन करने का सुअवसर है। उन असंख्य सेनानियों जिन्होंने अपने-अपने तरीकों से भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में योगदान दिया है। हमें उन सेनानियों के राष्ट्र के लिए त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी का आहवान किया कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में राष्ट्र प्रथम के भाव और भावनाओं के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करें। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शुरू किए गए, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में नरेला विधानसभा में निकली तिरंगा यात्रा

भोपाल। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में नरेला विधानसभा के करोंद क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा करोंद चौराहे से होकर विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए निकली। यात्रा के दौरान मंत्री श्री सारंग की उपस्थिति में डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों के साथ हजारों की संख्या में युवा अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर हाथ में तिरंगा लेकर निकले। मंत्री श्री सारंग के नेतृत्व में यात्रा नरेला विधानसभा अंतर्गत करोंद क्षेत्र के विवेकानंद नगर, जोन कार्यालय, हाउसिंग बोर्ड चौराहा, पीपल चौराहा सहित विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए करोंद चौराहा पर समाप्त हुई। यहां रहवासियों ने पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र तिरंगामय हो गया। इसके साथ ही रहवासियों ने भारत माता के जयकारे भी लगाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। भारत के हर नागरिक एवं युवा में यह भावना और मजबूत होनी चाहिए कि भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में हमें मिलकर कार्य करना हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशव्यापी हर घर तिरंगा'' अभियान का आह्वान किया है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक हर गली, हर मोहल्ले, हर चौराहे पर तिरंगामय वातावरण हो। जन-जन के हृदय में देशभक्ति का भाव हो। इसके लिये सभी अपने घरों पर तिरंगा लगाकर इस पुनीत अभियान को सफल बनायें।

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं

भोपाल। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट ने प्रदेशवासियों को 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। प्रदेश की जनता को दिए शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के महान अवसर पर हम अपने अमर शहीदों को दिल से याद करें, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा है। हमारे प्रदेश की सिंचाई क्षमता जो वर्ष 2003 में 7.5 लाख है. थी, वह हमारी सरकार में बढ़कर 50 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई है। इसे आगामी वर्ष 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर तक किए जाने का लक्ष्य है। हम इस लक्ष्य को पूरा किए जाने के लिए कृत संकल्पित हैं। हम सब प्रदेश वासी आज के पावन दिन यह संकल्प लें कि हम अपने अमर शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और देश की स्वतंत्रता, अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए देश और प्रदेश के विकास में अपना पूरा योगदान देंगे।

## मंत्री श्री काश्यप ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ

भोपाल। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने स्वाधीनता दिवस पर पूरे प्रदेश वासियो को शुभकामनाएँ और बधाई दी है। मंत्री श्री काश्यप ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश हर क्षेत्र में ऊंचाइयां छू रहा हैं।

उन्होंने कहा कि चाहे गरीब कल्याण के मुद्दे हों या आर्थिक विकास के मुद्दे हों इन सारे मुद्दों पर हमने प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गतिशील विकास को सरकार की धुरी बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि मध्य प्रदेश आर्थिक विकास भी करेगा और आदिवासी भाई बहनों, अनुसूचित जाति के भाई बहनों और वंचित वर्ग के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ेंगे। मंत्री श्री काश्यप ने अपील की है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तिरंगा लगे और यह अभियान राष्ट्रीयता का परिचायक बने।

# राज्यपाल पटेल से उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने सौजन्य भेंट की

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने राजभवन में सौजन्य भेंट कर सिकल सेल एनीमिया के नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों और प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों, सिकल सेल रोगियों एवं वल्नरेबल क्षेत्र के नागरिकों के बचाव एवं उपचार के प्रयासों और संचालित जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र का हर नागरिक सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए सावधानियों को समझे और आत्मसात करे, इसके लिए जागरूकता और आउटकम की मॉनिटरिंग के प्रयास किए जा रहे हैं, इन प्रयासों से सिकल सेल एनीमिया को जड़ से समाप्त किया जायेगा।



उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 33 ज़िलों में सिकल सेल मरीज़ों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। अब तक 59 लाख से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें एक लाख 34 हज़ार नागरिक सिकल सेल वाहक और 20 हज़ार 526 सिकल सेल एनीमिया के मरीज़ पाये गये हैं। 32 लाख 37 हज़ार 842 व्यक्तियों को सिकल सेल कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

मरीजों के उपचार एवं प्रबंधन के लिए चिन्हांकित जिलों में 6 से 10 बिस्तरीय एकीकृत उपचार केंद्र स्थापित कर उपचार के साथ हाइड्रॉक्सी-यूरिया, फोलिक एसिड दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। एकीकृत उपचार केन्द्रों में रिप्लेसमेंट फ्री एवं सुरक्षित रक्त की नि:शुल्क सुविधा है। वर्ष 2024-25 में सिकल सेल मरीजों को लगभग 9 लाख 22 हज़ार 500 हाइडॉक्सी-यूरिया का वितरण एवं 3 हज़ार 37 यूनिट नि:शुल्क रक्ताधान किया गया है।

## पीएम श्री योजना में आईसीटी लैब की स्थापना

**भोपाल मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान और पीएमश्री योजना के अंतर्गत करीब 1200 आईसीटी लैब सरकारी विद्यालयों में स्थापित की गई है। एक आईसीटी लैब की लागत 6 लाख 40 हजार है। एक लैब में 10 कम्प्यूटर स्थापित किये गये है। आईसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को कम्प्यूटर की शिक्षा दी जा रही है। केन्द्र सरकार की स्मार्ट क्लास योजना के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 891 सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाई गई है। एक स्मार्ट क्लास की लागत एक लाख 20 हजार रूपये है। स्मार्ट क्लास योजना में प्रत्येक सरकारी विद्यालय की दो क्लासों को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। इसके साथ ही स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश के 52 सीएम राईज स्कूलों में रॉबोटिक्स लैब की स्थापना की गई है। सीएम राईज स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास के लिये प्रदेश के 274 सीएम राईज स्कूल 30 हजार विद्यार्थियों ने और पीएम श्री के 89 विद्यालयों के 7 हजार 500 से अधिक विद्यार्थियों ने समर कैम्प में भाग लिया। समर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास क्षमता, योग, खेल, नृत्य और गायन इत्यादि की विद्याएँ विषय विशेषज्ञों द्वारा सिखाई गई। स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में पानी, स्वास्थ्य और विद्यालय के पर्यावरण के बीच सह संबंध की समझ विकसित करने के लिये ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत गतिविधियां आयोजित किये जाने के लिये निर्देश दिये गये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी को जारी किये गये निर्देश के अनुसार स्कूलों में समय-समय पर विषय विशेषज्ञों को बुलाकर पानी, स्वास्थ्य और विद्यालय के पर्यावरण के बीच सह संबंध की समझ विकसित करने के लिये व्याख्यान दिये जाने के लिये कहा गया है। इसके साथ ही विद्यालयों में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता, साथ ही मानव स्वास्थ्य और अपशिष्ट पदार्थों के निपटान विषय पर भाषण प्रतियोगिता होंगी। यह गतिविधियां प्रत्येक शनिवार बस्ता विहीन दिवस आयोजित की जाएं।

## मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में मिली मान्यता

**भोपाल मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में मान्यता मिली। इससे देश में रामसर साइट की सूची 82 से बढ़कर 85 हो गई है। यह उपलब्धि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मिली है।

पर्यावरण मंत्री श्री राम निवास रावत ने अधिकारियों की टीम को बधाई दी है। केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने अपने ट्वीट में बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भारत को यह संकल्प लेना चाहिये कि विकसित भारत'' एक हरित भारत है। तवा जलाशय, तवा और देनवा नदियों के संगम पर है। तवा रिजर्वायर की प्रमुख सहायक नदियाँ मलानी, सोनभद्र, और नागद्वारी हैं। तवा नदी महादेव पहाड़ियों से उत्पन्न होती है, बैतूल जिले से बहती है और नर्मदापुरम जिले में नर्मदा नदी से मिलती है। यह नर्मदा नदी की सबसे लंबी सहायक नदी है (172 किमी)। तवा रिजर्वायर इटारसी शहर के पास स्थित है। रिजर्वायर मुख्यत: सिंचाई के उद्देश्य से निर्मित किया गया था। हालांकि, बाद में इसका उपयोग विद्युत उत्पादन और मत्स्य पालन के लिए भी किया जा रहा है। तवा रिजर्वायर का कुल जलमग्न क्षेत्र 20,050 हेक्टेयर है। रिजर्वायर का कुल जलग्रहण क्षेत्र 598,290 हेक्टेयर है। तवा जलाशय वन विभाग, नर्मदापुरम जिले के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। रिजर्वायर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंदर स्थित है और सतपुड़ा नेशनल पार्क और बोरी वन्यजीव अभयारण्य की पश्चिमी सीमा बनाता है। रिजर्वायर जल जीवों और वन्य जीवों के लिए महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से पक्षियों और जंगली जानवरों के लिए। यहाँ कई दुर्लभ और संकटग्रस्त पौधों, सरीसृपों और कीटों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास है। यह मध्य प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है। यह क्षेत्र पारिस्थितिकीय, पुरातात्विक, ऐतिहासिक और वनस्पति के दृष्टिकोण से कई अनूठी विशेषताओं से सम्पन्न है।

## हमारे वर्तमान की कर्तव्यनिष्ठा और भविष्य के सपनों का प्रतिबिम्ब है तिरंगा-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश भर में नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के व्यापक अभियान की पहल के रुप में आयोजित तिरंगा यात्रा का बुधवार की सुबह ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। बाद में ऊर्जा मंत्री ने स्वयं द्विपहिया वाहन चलाकर तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और गांधी उद्यान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया। ऊर्जा मंत्री श्री



तोमर की अगुवाई में यह यात्रा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल से प्रारंभ होकर पड़ाव, लक्ष्मणपुरा, स्टेट बैंक चौराहा, हजीरा, किला गेट, घासमंडी चौराहा, कोटेश्वर, मोहिते गार्डन, संत कृपाल सिंह आश्रम, बहोड़ापुर चौराहा, कटी घाटी, गेंडे वाली सड़क, शिंदे की छावनी होते हुए फूलबाग गांधी उद्यान पर पहुंचकर समाप्त हुई। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि हमारा तिरंगा केवल तीन रंगों को ही स्वयं में नहीं समेटे है। हमारा तिरंगा, हमारे अतीत के गौरव को, हमारे वर्तमान की कर्तव्यनिष्ठा को और भविष्य के सपनों का भी एक प्रतिबिंब है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमारा तिरंगा भारत की एकता का, भारत की अखंडता का और भारत की विविधता का भी एक प्रतीक है। हमारे सेनानियों ने तिरंगे में देश का भविष्य देखा और देश के सपने देखे और इसे कभी झुकने नहीं दिया।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद जब हम एक नए भारत की यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं, तिरंगा एक बार फिर देश की एकता और चेतना का प्रतिनिधित्व कर रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के साथ समूचे मध्यप्रदेश में हो रही तिरंगा यात्राएं हर घर तिरंगा अभियान की शक्ति और निष्ठा का प्रतिबिंब हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कल 15 अगस्त यानि आजादी की सालगिरह के अवसर ग्वालियर के हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा।

## उत्साह और उमंग के साथ मेहगांव में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** हर घर तिरंगा अभियान'' में सभी की सहभागिता हो, इसके लिए नगर परिषद मेहगांव (मुरैना) में उत्साह और उमंग के साथ लोगों में देशभक्ति का संचार करने के उद्देश्य से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। तिरंगा यात्रा को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने उपस्थित सभी लोगों को तिरंगे के सम्मान की शपथ दिलाई। तिरंगा रैली में मंत्री श्री शुक्ला, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव भी बच्चों के साथ तिरंगा फहराते हुए चले। नवीनीकरण ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने रैली का उद्देश्य बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान भावना को समर्पित करने एवं कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने की भावना से इस रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आव्हान किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, जन-प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। जिले के सभी नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाने और तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करने के उद्देश्य से नगर के सीएम राइज स्कूल मेहगांव, मौ रोड तिराहा होते हुए सब्जी मंडी तक सम्मान पूर्वक राष्ट्रीय ध्वज के साथ विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के सभी नागरिकों से 15 अगस्त तक अपने घरों पर गर्व से तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।

## एमपी में स्कूल, कॉलेज समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मनाया जाएगा अंतरिक्ष दिवस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में 21 एवं 22 अगस्त को सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं स्कूलों में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर भारत के उतरने की ऐतिहासिक घटना को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और स्कूलों में अंतरिक्ष विज्ञान पर केंद्रित व्याख्यान, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, साइंस क्विज, मॉडल मेकिंग, पेंटिंग प्रतियोगिता, विशेषज्ञ व्याख्यान और फिल्म प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आयोजन के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल तथा आईआईटी इंदौर द्वारा विश्वविद्यालयीन, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर केंद्रित हैकाथॉन का



आयोजन किया जाएगा। हैकाथॉन में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ ही उनके नवाचार को आगे बढ़ाने में सहयोग किया जाएगा।

हैकाथॉन में भाग लेने के लिए आईआईटी इंदौर और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की वेबसाइट पर 18 अगस्त से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक संभाग में चयनित किसी एक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में अंतरिक्ष विषय पर वैज्ञानिक-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विगत वर्ष 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर के अवतरण और प्रज्ञान रोवर के परिनियोजन से चंद्रयान-3 की सफलता के साथ भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश बन गया है। इसके साथ हमारा देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला पहला देश बनकर अंतरिक्ष अग्रणी राष्ट्रों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है। इस ऐतिहासिक मिशन के परिणाम से आने वाले वर्षों में मानव जाति को लाभ होगा।

## मप्र के 15 लाख कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, आयुष्मान जैसी सुविधा देगी सरकार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश के 15 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों को आयुष्मान जैसी स्वास्थ्य सुविधा देने की तैयारी है। आयुष्मान योजना की तरह प्रदेश और प्रदेश के बाहर के निजी अस्पतालों से अनुबंध कर इलाज कराया जाएगा। सरकार इस योजना पर अंतिम दौर का मंथन कर रही है। कर्मचारी संगठनों के अनुसार, वे कैशलेस उपचार की सुविधा चाहते हैं। ऐसे में सरकार कर्मचारी संगठनों के सुझावों पर अमल कर जल्द ही इस योजना को लागू कर सकती है। आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना लाई जा रही है। इस योजना में कर्मचारियों के वेतन से अंशदान काटा जाएगा



और शेष राशि सरकार जमा कराएगी। योजना में प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारों को सामान्य इलाज के लिए पांच लाख रुपये और गंभीर मामलों में इलाज के लिए 10 लाख रुपये तक की फ्री चिकित्सा और ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन से 250 से 1000 रुपये तक मासिक अंशदान लिया जाएगा। शेष राशि सरकार मिलाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने फरवरी 2020 में प्रदेश के कर्मचारियों के लिए फ्री इलाज की घोषणा की थी। इसका आदेश भी जारी हुआ था, लेकिन योजना शुरू नहीं की जा सकी है। उत्तराखंड सरकार इस तरह की योजना वर्तमान में संचालित कर रही है। 2019 में कमलनाथ सरकार ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा कराने व कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने योजना का प्रस्ताव बनाया था, इनमें बीमा राशि का कुछ हिस्सा कर्मचारियों से लेकर पांच से दस लाख रुपये तक कैशलेस उपचार कराया जाना था, लेकिन 15 माह बाद ही सरकार बदल गई और शिवराज सरकार ने इस प्रस्ताव पर नए सिरे से काम किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के संविदा कर्मियों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत कई तरह के शासकीय कर्मचारियों को योजना का लाभ देने की बात कही थी, लेकिन अब तक आयुष्मान जैसी सुविधा कर्मचारियों को उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## गुस्साए परिजनों ने संदेही कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया चक्काजाम



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** जिले के केशवाही चौकी अंतर्गत ग्राम धनौरा में कार चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक को गंभीर चोट आई है। वहीं इस हादसे के बाद ग्रामीणों और कार चालक के बीच बहस हो गई।

कार चालक ने ग्रामीणों को धमकी देते हुए कहा कि यह तुम लोगों ने मेरे साथ अच्छा नहीं किया। वहीं कुछ देर बाद ही सड़क हादसे में एक-दूसरे युवक की मौत हो गई। इसके बाद बुधवार की शाम नाराज ग्रामीणों ने कार चालक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतमा-केशवाही मार्ग में चक्का जाम कर चालक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे।

ग्रामीणों का कहना था कि जिस युवक की सड़क हादसे में मौत हुई है वह विवाद के समय ठीक-ठाक था, लेकिन कार चालक के धमकी के कुछ घण्टे बाद ही उसकी सड़क हादसे में मौत हो गई। कई घंटे प्रदर्शन के बाद केशवाही पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक भैया उर्फ राजेंद्र कवर (26) अपने घर आ रहा था तभी अमराडंडी के पास तेज रफ्तार कार ने उसे ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया, घटना के बाद ग्रामीण इकट्ठा हो गए और कार को घेर लिया। कार चालक से ग्रामीणों ने गाली गलौज कर मारपीट भी की।

जिसके बाद कार चालक ने घायल भैया उर्फ राजेंद्र को अस्पताल ले गया और उसका इलाज करवाया, इस बीच कार चालक ने ग्रामीणों को यह धमकी दी कि तुम लोगों ने मेरे साथ ठीक नहीं किया है,मैं देख लूंगा, यह सब होने के बाद कार चालक वहा से चला गया।

कुछ घंटे के बाद अमराडंडी में ही भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें कमलेश सिंह कवर की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तभी ग्रामीण आक्रोशित हो गए और ग्रामीणों ने कहा कि पहली घटना कुछ घण्टे पहले हुई थी।

जिसमें कार चालक के द्वारा ग्रामीणों को धमकी दी गई थी कि वह हम लोगों को देख लेगा, ग्रामीणों ने बताया कि जब पहली घटना घटी थी तब कमलेश भी मौके पर था, उसी कार चालक ने इस घटना को भी अंजाम दिया है। और कमलेश को ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि कमलेश अपनी मोटरसाइकिल में सवार होकर घर की ओर आ रहा था। तभी उसे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हुई है।

**कोतमा से केशवाही मार्ग में लगाया जामः** सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को मौके से शव उठाने से रोक दिया गया, ग्रामीणों का कहना था की पहली घटना कार चालक रवि शुक्ला के द्वारा की गई है, उसी ने दूसरी घटना की है क्योंकि पहली घटना में जब उसके साथ मारपीट की गई थी तो उसने देख लेने की धमकी दी थी, उसके कुछ घंटे बाद ही दूसरे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है।

लगभग 5 घंटे तक ग्रामीण सड़क पर बैठे रहे और कोतमा से केशवाही पहुंच मार्ग में जाम लगा दिया। हिरासत में लेने के बाद खोला जामघटना की जानकारी लगते ही तहसीलदार, थाना प्रभारी बुढार मौके पर पहुंचे और कार चालक रवि शुक्ला को पुलिस ने हिरासत में लिया। जिसके बाद ग्रामीण माने और चक्का जाम खोला। बुधवार की दोपहर मृतक कमलेश के शव का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया है।

**जांच जारी हैः** चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि ग्रामीणों ने जिस पर आरोप लगाया है उसे हिरासत में लिया गया है, हालांकि इस मामले में जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम जारी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला सत्कार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का 14 अगस्त 2024 को सायं 6.15 बजे सीधी सर्किट हाउस आगमन होगा। वह पार्टी पदाधिकारियों से परिचय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से भेट तथा रात्रि विश्राम करेंगे।

प्रभारी मंत्री जायसवाल 15 अगस्त 2024 को सुबह 8.45 बजे सर्किट हाउस से पुलिस परेड ग्राउण्ड के लिए प्रस्थान करेंगे। वह सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड में 78वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर ध्वाजारोहण करेंगे एवं मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन करेंगे। कार्यक्रम उपरांत प्रभारी मंत्री 11.30 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनवार में वृक्षारोपण एवं मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12.30 बजे मिसाबंदी बालाजी गुप्ता के निवास पर लालता चौक में मंगलेश्वर सिंह एवं यदुनाथ सिंह मिसाबंदियों से भेट करेंगें। दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों से परिचय एवं भेट करेंगें। इसके उपरांत दोपहर 2.30 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 3.30 बजे सीधी से बिजुरी जिला अनुपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राज्यमंत्री श्री जायसवाल स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदुपरांत 09:10 बजे मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। प्रातः 9:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। प्रातः 9:30 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। प्रातः 9:45 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। उसके पश्चात प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरित किया जायेगा।

## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर जिले वासियों को दी शुभकामनाएं




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र भक्ति, देश प्रेम एवं भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमें वीरों के बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग का स्मरण कराता है। हम सब इस स्वतंत्रता का मूल्य समझें और अपने कर्त्तव्यों का ठीक से निर्वहन करें तथा जिले और देश के विकास में योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर आजादी के पर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।

## कलेक्टर स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में करेंगे ध्वाजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह स्वतंत्रता दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यऋ मानुसार 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे से 9.05 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे। प्रातः 9.05 बजे से 9.10 तक परेड का निरीक्षण, प्रातः 9.10 बजे से 9.40 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्रातः 9.40 बजे से 10 बजे तक मार्च पास्ट, प्रातः 10 बजे से 10.30 तक पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यऋ म का प्रदर्शन एवं प्रातः 10.30 से पुरूस्कार वितरण किया जायेगा।

## शासकीय स्कूल में गिरा छज्जा, छात्रा का सिर फूटा- निर्माण की गुणवत्ता पर उठा सवाल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** शहर से लगे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां छत के प्लास्टर का बड़ा हिस्सा एक छात्रा के ऊपर गिर गया है। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंम मच गया। घायल छात्रा को चुपचाप तरीके से इलाज कर घर भेज दिया है और अब मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। इस घटना के बाद शासकीय स्कूलो में जर्जर भवनों के बीच लग रही कक्षाओं में बच्चों के अभिभावक खतरा महसूस कर रहे है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूली में दोपहर लॉच टाइम में सभी बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच एक छात्रा कक्षा में बैठकर कॉपी लिख रही थी। इसी बीच छत के पाल्सटर का बड़ा हिस्सा गिर गया। इसकी चपेट में छात्रा आने से उसके सिर चोट आई। इस घटना के बाद आनन फानन में छात्रा को अस्पताल में इलाज करा घर भेज दिया है।बाक्सहो सकती थी बड़ी घटनाबताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब स्कूल में इंटरवेल चल रहा था। जिससे अधिकांश छात्र कक्षा से बाहर थे। यही हादसा कक्षा लगने के दौरान होता तो बड़ी घटना हो सकती थी। बताया जा रहा है कि इस अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कुछ दिन पहले ही कराया गया था जो बारिश मे धराशाई हो गया।

## गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें परियोजना कार्य: सम्पतिया उइके

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने मैहर में ली विभागीय बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने मैहर जिले के संक्षिप्त प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सतना बाणसागर ग्रामीण समूह नल जल योजना फेज-1 और फेज-2 की प्रगति की जानकारी ली। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, जनपद अध्यक्ष अमरपाटन माया विनीत पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने कहा कि सतना और मैहर जिले में हर घर में नल से जल पहुंचाने की जल जीवन मिशन की महत्वपूर्ण योजना बाणसागर के माध्यम से रि यान्वित की जा रही है। सतना बाणसागर ग्राम समूह नल जल परियोजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने कहा कि परियोजना कार्यों में जमीन और अन्य कठिनाइयों से थोड़ा विलंब हुआ है। लेकिन परियोजना को मार्च 2025 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि कार्य एजेंसी, ठेकेदारों की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक बुलाए और समीक्षा कर हर महीने कनेक्शन किए जाने का टारगेट भी दें। उन्होंने कहा कि कार्यों में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ परियोजना कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने कहा कि ठेकेदारों को सचेत करें कि बिना ग्राम पंचायत की एनओसी प्राप्त किये ग्रामीण सड़कों को नहीं तोड़े। जहां लाइन बिछाने का कार्य किया गया है। उन स्थानों की सड़कों को रिस्टोर कर उसी तरह बनाये। तभी योजना ग्राम पंचायत को हैण्ड ओव्हर करे। मैहर जिले की 484 ग्राम पंचायत में एक बार पुनः परीक्षण करा लें कि कोई गांव योजना से छूटा तो नहीं है।



जनप्रतिनिधियों की बैठक में जानकारी लें। मंत्री ने कहा कि अभी जल जीवन मिशन की डीपीआर तैयार किया जा रहे हैं यदि कोई गांव योजना से वंचित मिलता है तो उसे डीपीआर में शामिल किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि यदि किसी ग्राम पंचायत में सड़क के रेस्टोरेशन का काम बाकी है तो उसे पूरा करने के बाद ही योजना हैण्ड ओव्हर करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि विभाग के अधिकारी मार्च 2025 तक योजनाओं को पूर्ण कर घर नल जल पहुंचने के लक्ष्य को प्राप्ति के लिए समर्पित भावना से काम करें।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध

### शिव सैनिकों ने अर्थी निकालकर पुतला दहन किया, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर बुधवार दोपहर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिव सैनिक इकाई ने स्थानीय मोटे के महावीर मंदिर से रैली के रूप में बांग्लादेश सरकार की अर्थी निकालकर छत्रसाल चौराहे पर पुतला दहन किया गया है। उसके बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। यह पुतला दहन शिव सेना नगर इकाई द्वारा युवा शिव सेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व में किया गया।

नीतेश तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट और प्रधानमंत्री के देश छोड़कर भागने के बाद वहां लगातार बांग्लादेशी मुसलमानों द्वारा हिंदुओं की हत्या एवं मंदिरों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। जिसको लेकर आज हम लोगों ने छत्रसाल चौराहा पर विरोध करते हुए पुतला दहन किया है।

शिव सेना प्रमुख मुन्ना तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि छतरपुर जिले में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं रोहिंग्या को जिले से बाहर फेंक दिया जाएगा एवं शरण देने वाले व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा। साथ ही इनका पता बताने वाले व्यक्ति को 500 रुपया का इनाम दिए जाने की बात कही और उसका नाम गुप्त रहेगा।

पवन सोनी ने कहा कि हिन्दुओं पर हमला बर्दाश्त के बाहर हो चुका है। अलोक टिकरिया ने हिंदुओं की सुरक्षा पर प्रशासन पर सवाल खड़ा किया। बांग्लादेश देश में तख्ता पलट होने के बाद से ही बांग्लादेश में लगातार हिंसा एवं हिंदुओं की हत्या लगातार बढ़ रही है। वहां हिन्दू बहन-बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। केंद्र सरकार बांग्लादेश सरकार पर दबाव बना कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चत करें, केन्द्र सरकार को बांग्लादेश में लगातार हो रहे हिंदुओं के अत्याचार को देखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से भारत में शरण देकर भारत की नागरिकता प्रदान कर देनी चाहिए। ताकि बांग्लादेश में असुरक्षित हिन्दू परिवार भारत में आकर यहां सुरक्षित हो सकें। केंद्र व राज्य सरकारों को तत्काल प्रभाव से राज्यों में फैले बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं रोहिंग्या को चिह्नित कर उन्हें देश से बाहर निकाल देना चाहिए एवं उनको शरण देने वालों पर तत्काल देश द्रोह का मुकदमा कर उन पर कार्रवाई करना चाहिए।

पुतला दहन में शिवसेना प्रमुख मुन्ना तिवारी, समाजसेवी अलोक टिकरिया, संभाग प्रमुख पवन सोनी, सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष सौरभ तिवारी, सुनील द्विवेदी, अजय साहू, युवा सेना के उपाध्यक्ष राजेश पटेल, अंकुर नामदेव, मंटा बरार, आयुष पाठक, प्रिंस द्विवेदी, रत्नेश अवस्थी, योगेन्द्र पाल, लोकेंद्र मिश्रा, भुमनिदीन बरार सहित सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## एक पौधा मां के नाम अभियान

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया पौधरोपण, कहा- पौधे है तो कल है



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा मंगलवार को पन्ना पहुंचे और तिरंगा यात्रा के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में वह शामिल हुए। रात्रि विश्राम के बाद वुधवार की सुबह उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर के चंद्रशेखर पार्क में पौधा रोपित किया और कहा कि पेड़ हैं तो कल है, इसलिए हम सभी मिलकर इस अभियान के तहत एक पेड़ अवश्य लगाएं। उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लें।

दरअसल सांसद वीडी शर्मा ने पौधरोपण के बाद कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से हमारा पन्ना प्रदेश में सबसे सुंदर है। यहां चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखती हैं। इसलिए उन्होंने पन्ना की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह हम सभी जिले वाशियों की जिम्मेदारी है कि पर्यावरण का संरक्षण कर आने वाले कल को सुरक्षित बनाएं।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा जरूर लगाएं। जिसकी देखरेख सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करें। ताकि वह पौधा एक दिन बृक्ष बन हमारी आने वाली पीढ़ी के काम आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आज पूरा देश इस अभियान के तहत अपने अपने क्षेत्रों में पौधारोपण कर रहा है। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ पूर्व मंत्री व पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा,सतानंद गौतम, नगरपालिका अध्यक्ष मीणा पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फॉरेस्ट गार्ड की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

### वनकर्मी को पिकअप से कुचलकर मारा था



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** चितरंगी में मंगलवार को पिकअप से टक्कर मारकर वनकर्मी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के बाध आरोपी मौके से फरार हो गया था। साथ ही पिकअप भी छिपा दिया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने अपना फोन नम्बर बंद कर लिया था। पुलिस ने मंगलवार देर रात ग्राम लोहरा के आगनवाडी केन्द्र पर दबिश दी। यहां से आरोपी कमलेश साकेत पिता बलदेव साकेत (उम्र 42 वर्ष) निवासी ग्राम झगरावल को पकड़ाया है। पिकअप को भी ग्राम रेही के जंगल से बरामद किया गया है।

**ये है पूरा मामलाः** सिंगरौली में सब्जी के रेट को लेकर हुई विवाद में फॉरेस्ट गार्ड की पिकअप से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को चितरंगी के बनिया नाला दरबारी के पास आरोपी ने शीतल सिंह को बाइक समेत करीब 1 किलोमीटर तक घसीटा था। जिससे वनकर्मी की मौत हो गई थी।

चितरंगी थाना प्रभारी उमेश तिवारी के मुताबिक आरोपी कमलेश साकेत साप्ताहिक सब्जी बाजार में दुकान लगाता है। यहीं सोमवार को शीतल सिंह सब्जी खरीदने गया था। वो कमलेश की दुकान पर पहुंचा, जहां दोनों के बीच रेट को लेकर बहस होने लगी थी। इस वजह से आरोपी ने वनकर्मी की हत्या कर दी थी।

## टीबी मुक्त पंचायत बनाने लिया गया संकल्प

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मझौली में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान एसडीएम आर पी त्रिपाठी की अध्यक्षता में टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए शपथ दिलाई गई।

शपथ के दौरान शंकर प्रसाद गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष, एस एन द्विवेदी जनपद सीईओ, दीपक बघेल टी आई मझौली,अमित सिंह सीएमओ नगरपालिका, कुलदीप चौबे सीडीपीओ मझौली, डॉ पी एल सागर सीबीएमओ मझौली, अरविन्द तिवारी एपीओ जनपद मझौली, चंद्रकात सिंह बघेल आजिविका मिशन, अभिलाषा सिंह डीपीसी पिरामल, कमलाकर सिंह शिक्षा विभाग मझौली एवं मझौली ब्लॉक के अन्य जन प्रतिनिधियों तथा स्कूल के बच्चों ने अपनी पंचायत को 2025 तक टीबी मुक्त पंचायत बनाने की शपथ ली और साथ ही जन जागरूकता रैली के द्वारा आमजन को अभियान में योगदान करने का संदेश दिया गया।

## जीएम हॉस्पिटल में महिला को भर्ती करने से इंकार, वॉशरूम में हुआ प्रसव

### अस्पताल प्रबंधन का तर्क कागजी प्रक्रिया में लगता है समय



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। स्थिति यह है कि प्रसव वेदना से तड़प रही गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक भर्ती करने से इंकार कर रहे हैं। प्रसव वेदना से तड़प रही महिला को चिकित्सकों ने भर्ती करने से इंकार कर दिया। परिणाम स्वरूप उसका वॉशरूम में ही प्रसव हो गया। इसके बाद अस्पताल में हड़कंम मच गया है और आनन फानन में महिला को भर्ती कराया जहां महिला व बच्चे दोनों स्वास्थ्य बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना से साक्षी पाल नामक महिला को प्रसव के लिए गांधी मेमोरियल चिकित्सालय के लिये रेफर किया गया है। यहां महिला पहुंची, लेकिन दूसरा प्रसव होने के बाद चिकित्सक जिला अस्पताल भेज रहे थे। जबकि महिला प्रसव वेदना अधिक होने के कारण यहीं भर्ती होने की बात कह रही थी। इसी बीच महिला प्रसव वॉशरूम गई जहां उसका प्रसव हो गया। महिला ने बताया कि इसके बाद अस्पताल में सभी घबरा गए और महिला व बच्चे को तत्काल लेबर रूम ले गए। वहीं इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का तर्क है कि इसमें कोई लापरवाही नहीं है कागजी प्रक्रिया को पूरा करने में समय लग जाता है। चिकित्सकीय कार्य में जहां जिंदगी व मौत के संघर्ष में समय के एक-एक मिनट की अहमियत होती है अस्पताल प्रबंधन का यह तर्क लापरवाही बताने के लिए काफी है। बाक्सअक्सर बनती है ऐसी स्थितिबता दें कि गांधी मेमोरियल चिकित्सालय में यह स्थिति रोजाना बनती है। दरअसल ग्रामीण प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव की बेहतर व्यवस्था नहीं है ऐसे में वह सीधे गांधी मेमोरियल चिकित्सालय रेफर कर देते हैं जबकि गांधी मेमोरियल में प्रथम डिलेवरी व क्रिटिक्ल केस को प्राथमिकता है देते है ऐसे में दूसरे प्रसव को प्रवेश नहीं लेते है इसी को लेकर अक्सर ऐसी स्थिति रहती है। ऐसे मे कई बार बहुत अधिक समय लग जाता है।

# संपादकीय

## सरहद के आरपार रिश्तों की संभावना बेशुमार

नीरज और नदीम की जोड़ी भारत-पाक खेल संबंधों में बेहतर कड़ी का काम कर सकती है। दुनिया के दोनों टॉप एथलीटों की माताओं ने तो पूरे विश्व को बता दिया है कि दोनों देशों के राजनीतिक संबंध जैसे भी रहे हों, सामाजिक संबंध अभी 1947 के विभाजन से पहले की तरह बरकरार हैं। पेरिस ओलंपिक में जब जैवलिन थ्रो में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने स्वर्ण और भारत के नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता तो दोनों देशों के लोग खुशी से झूम उठे। इस ऐतिहासिक जीत पर दोनों की मांओं ने जो कहा उसने न केवल भारत-पाक की जनता बल्कि दुनिया के लोगों का दिल जीत लिया। नीरज की मां सरोज ने कहा, नदीम जिसने स्वर्ण पदक जीता है, वह भी हमारा बच्चा है और नीरज ने रजत जीता, वह भी हमारा बच्चा है। दूसरी ओर नदीम की मां रजिया प्रवीन ने कहा, नीरज भी मेरे बेटे जैसा है। नीरज और नदीम दोनों दोस्त हैं और भाई हैं। जहां मैंने नदीम की जीत के लिए दुआ की, वहीं नीरज की जीत के लिए भी दुआ की थी। अल्लाह दोनों को कामयाबी बख्शे। दोनों एथलीट नीरज और नदीम खेल के मैदान में और खेल के मैदान के बाहर भी दोस्त हैं। खेल के मैदान में वे केवल प्रतिद्वंद्वी होते हैं। दोनों एथलीट में सात बार एक-दूसरे का मुकाबला हुआ है। इन मुकाबलों में नदीम नीरज से छह बार पीछे रहा और एक बार पेरिस ओलंपिक में आगे रहा, जिसकी बदौलत अरशद नदीम स्वर्ण पदक पाने में कामयाब रहा। पेरिस ओलंपिक में नीरज और नदीम का इतना हेल्दी मुकाबला रहा कि नीरज के रजत जीतने पर भी पाकिस्तान में खुशियां मनाई गईं और नदीम के स्वर्ण पदक जीतने में भी भारत में खुशियां मनाई गईं। इन खुशियों को दोनों मांएं तस्दीक करती हैं। नीरज का यह भी कहना है कि पहले की प्रतियोगिताओं में नदीम ने मेरे भाले का भी प्रयोग किया है। इससे दोनों की दोस्ती बयां होती है। भारत-पाकिस्तान के खेल संबंधों में राजनीति का गहरा हस्तक्षेप है। जब भी दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ता है, खेल संबंध प्रभावित होते हैं। उदाहरण के तौर पर, 1999 के कारगिल युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंध लंबे समय तक स्थगित रहे। इसी तरह, 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक संबंधों में खटास आ गई जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईपीएल में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा। हालांकि, 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में पाकिस्तान के क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिया था लेकिन इसके बाद से उन पर बैन है। हाल के वर्षों में, दोनों देशों के बीच खेल संबंधों में और भी गिरावट आई है। क्रिकेट, जो कभी दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने का माध्यम माना जाता था, अब राजनीतिक निर्णयों और तनाव के कारण बाधित हो रहा है।

# बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए इन बातों पर गौर करें, खुद महसूस करेंगे व्यापक बदलाव

**कमलेश पांडे ।**

**दुनिया का हर व्यक्ति चाहता है कि उनके बच्चों का बौद्धिक विकास हो, लेकिन उनमें से बहुतों को यह पता नहीं होता कि यह कैसे होगा? स्वास्थ्य बर्द्धक खानपान और सुनियोजित दिनचर्या के अलावा वह कौन-कौन सी चीजें हैं, जो आपके बच्चों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करती हैं। यहां पर छात्रों के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास का तातपर्य है उनके सोचने और तर्क करने की क्षमता का बहुमुखी विकास करना। कारण कि बहुधा बच्चे जिस कपोलकल्पित दुनिया में रहते हैं, उसे समझने के लिए वे अपने दिमाग, विचारों और सोच को कैसे व्यवस्थित करते हैं, यह पूरी तरह से उनके घरेलू पारिवारिक माहौल और स्कूल के समग्र शैक्षणिक वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए उनके चेतनात्मक विकास को कैसे प्रोत्साहित किया जाए, इस पर सार्थक चर्चा बदलते वक्त की मांग है।**




मसलन, कोई भी माता-पिता और देखभाल करने वाले अभिभावक अपने बच्चे की वर्तमान बौद्धिक अवस्था को समझें ताकि वे अपने बच्चे के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास करने के लिए उन्हें सुनियोजित गतिविधियाँ प्रदान कर सकें। आपके लिए यह समझना जरूरी है कि रचनात्मक और कलात्मक खेल सामग्री बच्चों को समस्या समाधान में संलग्न होने देकर सीखने और विकास करने में मदद करते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके शब्दावली ज्ञान, वाक्य सृजन, वस्तु विमर्श, जटिल आकृतियों की नकल, तर्क और बहस करने की क्षमता में वृद्धि करना, %क्यों और क्योंकि% जैसे शब्दों का प्रयोग समझाना आवश्यक है।

इसके अलावा, उनमें कल, आज और कल जैसी अवधारणाओं की समझ विकसित करने की कोशिश की जाती है। उन्हें डेस्क या टेबल पर बैठने के तौर तरीके बताए जाते हैं। वे अपने शिक्षक के निर्देशों का पालन कैसे करें, इसका अनुशासन सिखाया जाता है। वहीं, वे किसी भी सरल कार्य को स्वतंत्र रूप से करने में कैसे सक्षम होंगे, इसका प्रारंभिक ज्ञान दिया जाना महत्वपूर्ण है। ततपश्चात, उनमें अधिक समय तक ध्यान देने की क्षमता विकसित करने की कोशिश की जाती है। उनमें अधिक जिम्मेदारी लेने की इच्छा जागृत करने, जैसे कि घर या स्कूल के काम, के प्रयास किये जाते हैं। उनमें भिन्न, धन और स्थान की अवधारणा विकसित की जाती है। उनकी समझ, समय ज्ञान, महीनों एवं सप्ताह के दिनों के नामक्रम और स्वयं पुस्तक पढ़ने का आनंद लेने की विधि बताई जाती है।

चूंकि, 12 से 18 वर्ष की आयु के किशोर जटिल सोच रखने में सक्षम होते हैं। इसलिए अब वे संभावनाओं के बारे में अमूर्त रूप से सोचें, ज्ञात सिद्धांतों से तर्क वितर्क करें, अपने स्वयं के नए विचार या प्रश्न बनाएं, सभ्यता-संस्कृति के कई दृष्टिकोणों पर विचार करें, देश व समाज के विचारों या मतों की तुलना करें और बहस करें, ऐसी सीख इस सीरीज के माध्यम से दी जाती है। इसी कड़ी में उनके सोचने की प्रक्रिया के बारे में सोचना, विचार प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक होना और छात्रों के बौद्धिक विकास और प्रगति के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण होता है।

लिहाजा, इसी कड़ी में छात्रों को यह समझाया जाता है कि लाइब्रेरी में जाने से उनकी शब्दावली, कल्पना और सीखने की इच्छाशक्ति कैसे बढ़ेगी। वहीं, लाइब्रेरी कार्ड बच्चों को उधार लेने और जिम्मेदारी की अवधारणाओं से परिचित कराने का एक शानदार तरीका है। इसलिए माता-पिता और अभिभावकों का यह दायित्व बनता है कि अपने बच्चे को संग्रहालयों, नए मोहल्लों और प्रदर्शनियों से सुपरिचित कराएं। अपने बच्चे के साथ जितना संभव हो सके उतना निर्बाध समय बिताएं। अपने घर में होमवर्क के लिए स्थान और दिनचर्या निर्धारित करें। यदि आप अपने बच्चे की प्रगति के बारे में चिंतित हैं तो अपने बच्चे के शिक्षक से बात करें। इसके अलावा, लंबे समय तक टेलीविजन, वीडियो और कंप्यूटर गेम देखने से बचें।

वहीं, किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं को स्कूल और घर में व्यक्तिगत निर्णय लेने पर केंद्रित अधिक जटिल सोच के उपयोग के बारे में बताइये। वह स्कूल के काम में औपचारिक तार्किक संक्रियाओं का उपयोग दिखाना कैसे शुरू करेगा, यह समझाइए। विद्यार्थी प्राधिकार और समाज के मानकों पर सवाल उठाना कैसे शुरू करेंगे, यह बतलाइए। उन्हें विभिन्न विषयों पर अपने विचार और दृष्टिकोण बनाना और बोलना शुरू करना सिखाईए। आप अपने बच्चे को इस बारे में बात करते हुए सुन सकते हैं कि उन्हें कौन से खेल या समूह पसंद हैं और माता-पिता के कौन से नियम बदलने चाहिए, इसलिए इसके समग्र पहलुओं के बारे में उन्हें सुसंगत दृष्टिकोण विकसित करना सिखाईए।

इस अवस्था में विद्यार्थी अधिक जटिल, दार्शनिक और भविष्यवादी चिंताओं को शामिल करने के लिए सोच का विस्तार करता है। इस नजरिए से उनके द्वारा अक्सर अधिक व्यापक रूप से प्रश्न पूछे जाते हैं और अधिक व्यापक रूप से विश्लेषण किया जाता है। लिहाजा, वह अपने स्वयं के आचार संहिता के बारे में सोचता है और उसे बनाना शुरू करता है? वह विभिन्न संभावनाओं के बारे में सोचता है और अपनी पहचान विकसित करना शुरू करता है। वह संभावित भावी लक्ष्यों पर व्यवस्थित रूप से विचार करना शुरू कर देता है। उसके मन तरंग में यह सवाल उठते हैं कि मैं क्या सही समझता हूँ? मैं कौन हूँ? मैं क्या चाहता हूँ?

इस उम्र वय में विद्यार्थी कम आत्म-केंद्रित अवधारणाओं और व्यक्तिगत निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जटिल सोच का उपयोग करता है। वह न्याय, इतिहास, राजनीति, ज्ञान-विज्ञान और देशभक्ति जैसी वैश्विक अवधारणाओं के बारे में विचारों में हुई वृद्धि पर डिस्कशन करता है। ऐसे में अक्सर विषयों पर आदर्शवादी विचार विकसित हो जाते हैं, जिससे बहस हो सकती है और विरोधी विचारों के प्रति असहिष्णुता विकसित हो सकती है। इसलिए उनके लिए उपयोगी सभी पहलुओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाइए, ताकि उनके व्यक्तित्व में सजगता और निखार दोनों आए। क्योंकि इस उम्र में छात्रगण कैरियर संबंधी निर्णय लेने और वयस्क समाज में उनकी उभरती भूमिका पर ध्यान केन्द्रित करना शुरू कर देते हैं। इसलिए उनके बौद्धिक विकास और प्रगति के बारे में अधिक व्यापक दृष्टिकोण अपनाइए।

उनमें भविष्य की संभावनाओं के बारे में सोचने के लिए जिज्ञासा पैदा कीजिए। यहां पर उनके सुविचारित निर्णयों के लिए सराहना और प्रशंसा कीजिए। जबकि गलत तरीके से लिए गए निर्णयों का पुनर्मूल्यांकन करने में उनकी सहायता कीजिए। आपको पता होना चाहिए कि जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, उनके सोचने-समझने का तौर तरीका और भी परिष्कृत होता जाता है। उनकी विचार प्रक्रियाएँ अधिक तार्किक और व्यवस्थित होती जाती हैं। इसलिए उनका समुचित मार्गदर्शन करना उनके बौद्धिक विकास के नितांत आवश्यक है। उनके स्वस्थ बौद्धिक विकास के लिए उन्हें विभिन्न विषयों, मुद्दों और समसामयिक घटनाओं पर चर्चा में शामिल करना होगा। जिससे उन्हें अपने विचार को सबके साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। यह उन्हें स्वतंत्र रूप से सोचने, अपने विचार विकसित करने तथा लक्ष्य निर्धारित करने के लिए भी मदद करेगा।

### सदाचारियों की करनी और मानसून की भरनी

नृत्यशाला में थके देवराज इंद्र ने आराम फरमाते ज्यों ही अपने आराम कक्ष में लगा टीवी ऑन कर मृत्युलोक के सबसे सनसनीखेज चैनल पर समाचार लगाए तो वे दंग रह गए। ये क्या! पत्रकार मानसून की रिपोर्टिंग करता गले-गले तक पानी में डूबा हुआ! ये देख उन्होंने तत्काल अपने निजी सचिव को अपने पास बुलाया और आदेश दिए, 'मानसून को इसी वक्त लाइन हाजिर किया जाए!' देवराज इंद्र का आदेश पाते ही उनके निजी सचिव ने उसी वक्त मानसून को देवराज इंद्र के सम्मुख हाजिर होने का आदेश दिया। मानसून ने उसी वक्त बरसना बंद किया और देवराज इंद्र के दरबार में प्रस्तुत हो गया। अपने सामने मानसून को दोनों हाथ जोड़े खड़े देख देवराज इंद्र ने मानसून से गुस्साते पूछा, 'रे मानसून! ये मैं क्या देख रहा हूं?

# आखिर कैसी देश की आजादी के पक्षधर हैं हम?

**योगेश कुमार गोयल**

15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में एक अलग ही जज्बा और उत्साह समाहित रहता है। हालांकि वर्षों की गुलामी के बाद गुलामी की इन जंजीरों से मिली आजादी को हम किस रूप में संजोकर रख पा रहे हैं, वह सभी के समक्ष है। देश को आजाद हुए पूरे 77 बरस हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 77 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात साल दर साल किस कदर बदले हैं, वह भी किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि अभद्रता की हर हद पार करते नजर आते हैं। प्रतिवर्ष जब देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत से ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, आजादी की उसकी तस्वीर ऐसी हो जाएगी।

हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाएं जिस प्रकार लगातार बढ़ रही हैं और समाज में अपराधों की तादाद भी बढ़ रही है, ऐसे में देश की गुलामी का दौर देख चुके कुछ बुजुर्ग तो अब कहते सुने भी जाते हैं कि गुलामी के दिन आज की इस आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद



शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। ऐसे हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द ही अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कहीं कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कहीं कोई इसे गिराने के प्रयासों में। संसद और विधानसभाओं में हंगामेदार तस्वीरें तो अब कोई नई बात नहीं रह गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। आजादी के बाद के इन साढ़े सात दशकों में महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। भले ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसे जाने के कितने ही ढ़ोल क्यों न पीटे जाते रहें किन्तु वास्तविकता यही है कि आज भी अधिकांश जगहों पर बिना लेन-देन के कार्य सम्पन्न नहीं होते। बड़े नेताओं की तो छोड़ दें, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है।

आजादी का एक शर्मनाक पहलू यह भी है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि भी प्राय: सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है। लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता के लिए इस दिशा में फिर से चिंतन-मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह आखिर किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके।

# जिले के स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक सहित स्कूली बच्चो ने लगाई दौड़






**मीडिया ऑडीटर, एमीबी निप्र।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी व पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने देश के शहीद जवानों को याद कर दीप प्रज्वलित कर स्वतंत्रता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भगत सिंह तिराहा, बस स्टैण्ड से प्रारंभ होकर जिला स्तरीय ध्वजारोहण स्थल आमाखेरवा खेल मैदान मनेंद्रगढ़ में समाप्त हुई। इस अवसर पर अनिल केशरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने इस आजादी के लिए कितनी कुर्बानियां दी हैं। तिरंगा झंडा उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता और हमारी एकजुटता का प्रतीक है। हमारे पुरखों के लंबे संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्रता मिली है, जो उन्होंने विरासत के रूप में हमें सौंपी है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा देश के प्रति प्रेम एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य है इस मौके पर उन्होंने ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और तिरंगा फहराना, स्वतंत्रता सेनानियों,वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने, देश के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने समाज में शांति और सद्भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई,पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह नें अपने संबोधन में उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व पर संकल्प करें कि स्वतंत्रता के मूल्यों को समझते हुए हम देश को आगे ले जाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इसके लिए जरूरी है आप सभी खूब मन लगाकर पढ़ें,और साथ में खेल के प्रति भी अपना रुझान मजबूत बनाएं। जिस भी क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं उसमें पूरे लगन से मेहनत करें। आपके योगदानों से ही देश की पहचान बनेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ,संयुक्त कलेक्टर लिंगराज सिदार , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा,राहुल सिंह पूर्व कोषाध्यक्ष , धर्मेंद्र पटवा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, इमरान खान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन खेल अधिकारी गोपाल सिंह ने किया। सभी ने शपथ ली कि तिरंगा फहराकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करेंगे तथा भारत के विकास और प्रगति के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे।

## ट्रक में फंसकर युवक के हुए टुकड़े

### ओवरटेक के दौरान बाइक से टकराकर गिरा था, दोस्त की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, धमतरी एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में बुधवार को ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक ट्रक में ही फंस गया और उसके शव के टुकड़े होकर सड़क पर बिखर गए। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसा सिटी कोतवाली क्षेत्र में हुआ है।

बालोद के ओझरा गहन निवासी दुष्यंत ठाकुर (23) अपने बीमार चाचा को देखने के लिए अस्पताल गया था। वहां से परिवार के साथ शिव महापुराण सुनने रायपुर जाने वाला था। इसके लिए अस्पताल से अपने दोस्त मनीष साहू के साथ वह बाइक से कुछ सामान खरीदने के लिए निकला।

**ट्रक ने कुचला, क्षत-विक्षत हुआ शरीर:** बताया जा रहा है कि पीडी नाले के पास ओवरटेक करने की कोशिश में दुष्यंत आगे जा रही बाइक से टकराकर गिर गया। इसी दौरान बगल से ट्रक निकला और दुष्यंत उसकी चपेट में आ गया। ट्रक के पहिए में फंसकर वह दूर तक घिसटता चला गया और उसके शरीर के टुकड़े हो गए।

हादसे में उसका साथी मनीष साहू गंभीर घायल हो गया है। घटना के बाद सड़क पर आधे घंटे तक जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से मनीष को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दुष्यंत के शव के टुकड़ों को मॉर्च्युरी में रखवाया है।

**संकरी सड़क की वजह से हो रहे हादसे:** यातायात डीएसपी मणि शंकर चंद्र ने बताया कि, पीडी नाला के पास बने डिवाइडर के कारण रोड काफी संकरी हो गई है। इसके चलते हादसा हुआ है। कई बार सड़क संकरी होने की सूचना नगर निगम को दी गई है, लेकिन इस समस्या को दूर नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि, दुष्यंत ठाकुर मजदूरी करता था। हादसे के बाद ट्रक को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी में एक स्कूटी सवार भी दिख रहा है। आशंका है कि अचानक उसके आगे आने के चलते बाइक सवार ने स्पीड कम की और दुष्यंत उससे टकरा गया होगा।

## दया जैन द्वारा ग्राम लाई स्थित भूमि के कब्जे के संबंध में

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आवेदिका दया जैन के मामले का सुनवाई के बाद जिला प्रशासन ने निराकरण कर दिया है। ज्ञात हो कि दया जैन आमरण अनशन आवेदन समाचार के माध्यम से 01 अगस्त 2024 को संज्ञान में आया था। आवेदिका के आमरण अनशन विषयक तथ्य संज्ञान में आने के पश्चात् अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा आवेदिका दया जैन से मुलकात कर इस संबंध में चर्चा किया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ है कि स्व. मौजीलाल आ. राजधर जैन, निवासी मनेन्द्रगढ़ जो आवेदिका के ससुर है। स्व. मौजीलाल जैन एक स्वतंत्रता सेनानी थे जिनको ग्राम लाई स्थित भूमि खसरा नं. 65/10 रकबा 2.023 हे. आबंटित किया गया है। आवेदिका से चर्चा पश्चात् उक्त विषय में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ में पूर्व से त्रुटि सुधार विषयक राजस्व प्रकरण क्रमांक 202306330400010/अ-63/2022-23 प्रचलनशील/विचाराधीन है। पश्चात् यह उक्त राजस्व प्रकरण के अवलोकन पाया गया है कि चालू नक्शा एमसीबी जिला में उपलब्ध नहीं है। (नवगठित जिला होने के कारण) परिणामस्वरूप अपर कलेक्टर एमसीबी के द्वारा पत्र क्रमांक 1498/अ.भू.अ./प्रतिलिपि/2024 मनेन्द्रगढ़ 08 अगस्त 2024 के माध्यम से कलेक्टर जिला कोरिया को तद्विषयक अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। अभिलेख प्राप्ति पर पश्चात्वर्ती कार्यवाही की जावेगी।

आवेदित भूमि खसरा नं. 65/10 का नक्शा उपलब्ध नहीं होने के कारण तरमीम नहीं किया जा सका है और प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन/प्रक्रियाधीन है। जबकि आवेदिका द्वारा प्रस्तुत भूमि के पट्टे में भूमि खसरा नं. 65/14 आवंटित प्रदर्शित है, जिसकी सुनवाई कर प्रकरण में निराकरण किया जा रहा है।. स्व. मौजीलाल आ. राजधर जैन के 03 पुत्र है, जिनमें से एक पुत्र की मृत्यु हो चुकी है। आवेदक ओमप्रकाश जैन के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में आवेदन किया गया है, जबकि उक्त भूमि के अन्य विधिक वारिस/पक्षकार भी है उनको भी संबंधित राजस्व न्यायालय में सुनवाई के दौरान पक्षकार नियोजित किया जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

## पत्नी, 3 बच्चों का घोंटा गला...पति को फांसी

### कोर्ट ने कहा- फंदे से तब तक लटकाएं, जब तक मौत न हो जा





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में चरित्र शंका पर पत्नी और 3 मासूम बच्चों की हत्या करने वाले आरोपी पति को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। सेशन जज अविनाश के त्रिपाठी ने फैसले में लिखा है कि दोषी को फंदे से तब तक लटकाया जाए, जब तक उसकी मौत ना हो जाए।

मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। कोर्ट ने चार मर्डर के इस केस में सात महीने के भीतर ट्रायल पूरी कर उमेंद्र केंवट को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई है।

**नींद में मासूमों का घोंटा गला:** ग्राम हिर्री निवासी उमेंद्र केंवट (34) की शादी 2017 में सुकृता केंवट से हुई थी। उसकी दो बेटियां खुशी (05) और लिसा (03) और बेटा पवन (18 ) थे। 1 जनवरी की रात पत्नीजब रात में बाड़ी गई, तो आरोपी ने पीछे से नाइलोन की रस्सी से उसका गला घोंट दिया। इसके बाद उसने सो रहे बच्चों को भी रस्सी से गला घोंटकर मार डाला। लोगों को जब इस घटना की जानकारी हुई, तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

**आत्महत्या की कोशिश में हुआ नाकाम तो थाने पहुंचा:** पत्नीऔर बच्चों की हत्या करने के बाद उमेंद्र ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन रस्सी टूट गई। फिर घर पर कीटनाशक ढूंढता रहा। जब कुछ नहीं मिला तो थाने पहुंच गया। उसने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

**बहनोई ने दर्ज कराई थी एफआईआर:** सुकृता के भाई सुमन केंवट को फोन पर बहन और भांजे-भांजियों की हत्या की जानकारी मिली। उसने अपने परिजन और गांव वालों के साथ आरोपी के घर जाकर देखा, तो लोगों की भीड़ जुटी थी। घर पर शौचालय के पीछे सुकृता पड़ी थी, उसके मुंह और गले पर चोट के निशान थे।

कमरे में बेड के किनारे भांजी खुशी, लिसा और भांजा पवन पड़े थे। उनके गले पर रस्सी से गला घोंटने के निशान थे। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी उमेंद्र को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में चालान पेश किया।

**7 माह में हुआ ट्रॉयल, कोर्ट ने आरोपी को दी सजा-ए-मौत:** सेशन जज अविनाश के त्रिपाठी की अदालत में मामले का ट्रॉयल चला। कोर्ट ने सात माह के भीतर अभियुक्त को चारों की हत्या का दोषी पाया। त्रिपाठी ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस मानते हुए उमेंद्र को मरते दम तक फंदे पर लटका कर मृत्यु दंड की सजा देने का आदेश दिया है।

## कीचड़ से सनी सुरगी-कुम्हालोरी सड़क

### धंस रहे वाहनों के पहिए, बारिश की वजह से ठेकेदार ने रोका काम, ग्रामीण परेशान

**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की सुरगी-कुम्हालोरी सड़क पर जगह-जगह गढ्ढे हो गए हैं। बारिश में पूरी सड़क कीचड़ से सन गई है। वाहनों के पहिए धंस रहे हैं। कीचड़ की वजह से लोगों का चलना तक मुश्किल हो गया है।

ग्राम पंचायत सुरगी के सरपंच आनंद साहू ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के बाद सड़क का टेंडर किया गया। 16 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण शुरू किया। लेकिन बारिश के पहले इसकी गति काफी सुस्त रही। 10 किमी लंबी सड़क के निर्माण के लिए कई जगह गढ्ढे खोदे गए।

**चक्काजाम के लिए हुई थी बैठक:** इसके बाद बारिश हुई तो सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई है। करीब 12 गांवों के लोग आवाजाही के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। बीते दिनों ग्रामीणों ने चक्काजाम के लिए बैठक की। लेकिन इसकी खबर लगते ही राजस्थान पत्रिका ड्ढ ने ठेकेदार से सड़क पर डस्ट और गिट्टी बिछाने का काम शुरू करा दिया। जिससे ग्रामीणों ने चक्काजाम की योजना रद्द कर दी।

**सड़क आवाजाही के लायक नहीं:** हालांकि, सड़क अब भी आवाजाही के लायक नहीं है। सुरगी-कुमहालोरी की सड़क को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनों ने जमकर राजनीति की थी। इसके बाद काम शुरू हुआ। लोक निर्माण विभाग ने जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का दावा किया। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि विभाग और नेताओं का यह दावा पूरी तरह झूठा है।

**बारिश की वजह से ठेकेदार ने काम रोका:** ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत पहले से और खराब हो गई है। बारिश की वजह से ठेकेदार ने निमार्ण कार्य रोक दिया था। निर्माण के लिए खोदी गई सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर गई। जिससे सड़क पर साइकिल से चलना तक मुश्किल हो गया।

## छेड़खानी का विरोध किया तो छात्रा को मार डाला

### 15 साल की लड़की को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, चीखती रही, लेकिन कोई बचाने नहीं आया



**मीडिया ऑडीटर, कवर्धा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में एक युवक ने 10वीं की छात्रा को पीट-पीटकर मार डाला। युवक ने छात्रा को गलियों में दौड़ाया और लाठी-डंडे से जमकर पीटा। इस दौरान वह चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन कोई बचाने के लिए नहीं आया। मामला बाजार चारभाटा पुलिस चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बम्हनी गांव निवासी गायत्री कौशिक (15) पुत्री महेंद्र कौशिक अपनी सहेलियों के साथ मंगलवार को स्कूल से घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव का ही रहने वाला विक्की कौशिक उर्फ जग्गू (19) मिल गया। वह गायत्री को झिटी-झिटी (दुबली) कहकर चिढ़ा रहा था। गायत्री ने इसका विरोध किया।

**गांव में ही खून से लथपथ होकर गिरी छात्रा:** आरोप है कि गायत्री के विरोध करने पर विक्की भड़क गया। उसने डंडा उठाया और गायत्री को मारने लगा। इस पर गायत्री वहां से भागी तो आरोपी उसे दौड़ा-दौड़ाकर मारता रहा। एक के बाद एक कई वार करने से गायत्री लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी।

वहीं गायत्री को पीटता देख उसकी सहेलियां घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे गायत्री बेसुध होकर सड़क पर पड़ी मिली। इस पर परिजनों ने उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान शाम करीब 7 बजे गायत्री ने दम तोड़ दिया।

**आरोपी को गांव से घेराबंदी कर पकड़ा:** सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकला। इस पर पुलिस ने गांव में घेराबंदी की और आरोपी विक्की को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि आरोपी नशे का आदी है। कुछ दिन पहले छात्रा के पिता से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिससे वह गस्से में था। इसी का बदला लेने के लिए आरोपी मौका तलाश रहा था।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

### खेत में निंदाई का काम कर रही थी, घर के लिए निकलते समय हुआ हादसा



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। हादसे दौरान संतोषी कश्यप (35) ग्राम कापन में खेत में निंदाई का काम कर रही थी। घटना नैला चौकी उप थाना क्षेत्र की है।

जानकारी अनुसार बुधवार की सुबह 6 बजे संतोषी कश्यप अपने खेत में 8 से 10 लोगों के साथ निंदाई का काम कर रही थी। महिला दोपहर 12 बजे करीब घर जाने के लिए निकल रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी।

**सीने पर चोट के निशान:** खेत में काम कर रहे अन्य लोगों ने महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के सीने पर चोट के निशान है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तिरंगा दौड़ में बड़ी लापरवाही

### सड़क पर चलती वाहनों के बीच दौड़ते रहे स्कूली बच्चे, विधायक बोले- लापरवाही पर होगी कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, महासमुंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले तिरंगा दौड़ का आयोजन किया। जिसमें प्रशासन की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। नेशनल हाईवे-353 और बाकी सड़कों पर छात्र-छात्राएं दौड़ रहे थे, जबिक वाहनें चलती रहीं। जिससे हादसा भी हो सकता था। दरअसल, जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने इसका आयोजन किया था। इस दौरान महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, जनप्रतिनिधि, नव पदस्थ कलेक्टर विनय लंहगे सहित आला अफसर मौजूद थे।

**विधायक-कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी:** स्कूली छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में जूंबा डांस की प्रस्तुति दी। तिरंगा दौड़ को विधायक, नपा अध्यक्ष और कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। लेकिन सड़कों पर छोटी से लेकर भारी वाहनें तक दौड़ती रही। उन्हें रोका नहीं गया था। ट्रैफिक पुलिस बरोंड़ा चौक, शास्त्री चौक और नेहरू चौक पर खड़ी रही, लेकिन वाहनों को रोका नहीं गया। उन वाहनों के बीच बच्चे दौड़ लगाते रहे। जिससे हादसे की आशंका भी बनी हुई थी।

**पुलिस अधिकारियों को दी गई थी सूचना:** इस मामले में जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे का कहना है कि, स्वतंत्रता और तिरंगा दौड़ में सड़कों पर सुरक्षा के लिए पहले ही इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दी गई थी। साथ ही यातायात पुलिस को भी दौड़ की रूट की जानकारी दी गई थी। जिससे सुरक्षा व्यवस्था बनाई जा सके। लेकिन अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया।

**विधायक बोले- लापरवाहों पर कार्रवाई होगी:** वहीं, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि, इस आयोजन में कोई चूक हुई है, तो जिला प्रशासन से बात करेंगे। इस तरह की लापरवाही पर संबंधितों पर कार्रवाई करें। बच्चे दौड़ रहे थे, तो चालू हालत में भी वाहनें खड़ी थी।

## जिले में शराब की दुकानों से खाली कार्टन और शीशियों की बिक्री के लिए निविदाएं आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालय द्वारा एमसीबी जिले में संचालित 4 देशी, 5 देशी कम्पोजिट और 9 विदेशी शराब दुकानों में वित्तीय वर्ष 2024-25 को 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान संग्रहित खाली कार्टन (पुट्ठा) और खाली शीशियों की बिक्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। इन खाली कार्टन की बिक्री प्रति किलोग्राम की दर से और खाली शीशियों की बिक्री प्रति नग की दर से की जाएगी। इच्छुक निविदाकारों से निविदाएं बंद लिफाफे में मांगी गई हैं, जिसमें तकनीकी बिड और प्राईज बिड अलग-अलग प्रस्तुत करनी होगी। निविदाएं 22 अगस्त 2024 को प्रातः 11:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, एमसीबी में जमा कराई जा सकती हैं। निविदाकारों की उपस्थिति में उसी दिन दोपहर 12:00 बजे समिति द्वारा इन बंद लिफाफों को खोला जाएगा। निविदा शर्तों और नियमों, निविदा प्रपत्र और शराब दुकानों की अवस्थिति की विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक पक्ष अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व तक, अवकाश के दिनों को छोड़कर, कार्यालयीन समय में जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला एमसीबी के कार्यालय से 500 रुपये के बैंक ड्राफ्ट के साथ जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल.,जिला एमसीबी के पक्ष में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

## शुरू होगी देश की पहली लिथियम माइंस

### केंद्र सरकार ने दी मंजूरी, बैटरी से चलने वाले हर डिवाइस में इसका इस्तेमाल






**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** देश की पहली लिथियम खदान छत्तीसगढ़ में शुरू होगी। दिल्ली में हुई नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की 6वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में यह निर्णय लिया गया है। बैठक में सीण्म विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल थे। बैटरी से चलने वाले हर डिवाइस में इसका इस्तेमाल होता है। रायपुर लौट कर मंत्री जायसवाल ने बताया कि, राज्य सरकार और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट के बीच कोरबा में खदान शुरू करने पर सहमति बन गई है। खदान की नीलामी प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में हुई बैठक में खनिज दोहन और इस्तेमाल को लेकर चर्चा हुई। प्रकृति और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को लेकर वैकल्पिक इंतजाम क्या होंगे, तय किया जा रहा है।

**जानिए, कितने एरिये में लिथियम, प्रदेश को क्या फायदा:** कटघोरा के घुचापुरा के आसपास करीब 250 हेक्टेयर इलाके में 10 से 2 हजार पीपीएम लिथियम कंटेंट की उपलब्धता मिली है। लिथियम मिलने की पुष्टि जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की है। सरकार की ओर से तय की गई दर से 76% अधिक पर इस खदान को नीलाम किया गया है।

इसका ठेका माइकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को मिला है। कंपनी ने टेंडर रिजर्व प्राइस 2 प्रतिशत रायल्टी के समक्ष 38 प्रतिशत अधिक डाला था। लिथियम दोहन की जो मात्रा होगी, उसके उस समय के बाजार मूल्य का 76 प्रतिशत छत्तीसगढ़ राज्य को मिलेगा। यह राशि हजारों करोड़ में संभावित है। इसके अलावा केंद्र की ओर से तय 3 प्रतिशत की रायल्टी और डीएमएफ की राशि भी प्राप्त होगी। लिथियम के कटघोरा ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसमें परीक्षण व खनन दोनों ही अधिकार शामिल हैं।

**सीएम बोले- लिथियम से विकसित बनेगा छत्तीसगढ़:** सीएम साय ने कहा कि, लिथियम एक अहम धातु है जिससे राज्य और देश विकास की नई दिशा की तरफ अग्रसर होंगे। लिथियम खदान के शुरू होने से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के अग्रणी राज्यों में से एक होगा। विकसित भारत 2047 के योगदान में छत्तीसगढ़ के लिथियम भंडार का बड़ा योगदान होगा।

**क्या होता है लिथियम और इसके फायदे:** लिथियम एक ऐसा नॉन फेरस मेटल (अलौह धातु) है। यह एक रेअर अर्थ एलिमेंट है। एक नरम, चांदी जैसी धातु होता है। यह नाम ग्रीक शब्द लिथोस से लिया गया है जिसका अर्थ है पत्थर। लिथियम धातु को एल्यूमीनियम और मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु में बनाया जाता है। जिससे उनकी ताकत बढ़ती है और वे हल्के होते हैं।

# आम जनता को महंगाई से जल्द मिलेगी राहत

**● जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04 फीसदी पर आई ● रोजाना की जरूरत वाले सामानों के कम हो गए दाम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई है। जून में ये बढ़कर 3.36 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो महंगाई का 16 महीनों का ऊपरी स्तर था। वहीं, मई में थोक महंगाई 2.61 फीसदी पर थी। 14 अगस्त को जुलाई महीने के थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए गए। इससे पहले 12 अगस्त को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे। जुलाई महीने में रिटेल महंगाई घटकर 3.54 फीसदी पर आ गई है। ये 59 महीने का निचला स्तर है। अगस्त 2019 में महंगाई 3.21 फीसदी थी। खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से महंगाई घटी थी। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए आरबीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती



एक सीमा में ही कम कर सकती है। आरबीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल, यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75 फीसदी, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62 फीसदी और फ्यूल एंड पावर 13.15 फीसदी होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने कोलकाता रेप और मर्डर केस में तोड़ी चुप्पी

● उन्नाव और हाथरस का भी किया जिक्र, कहा-आरोपियों को बचा रहा अस्पताल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोलकाता के एक अस्पताल में डॉक्टर के रेप और कत्ल के मामले में चुप्पी तोड़ दी है। बीते सप्ताह हुई इस घटना पर अब तक राहुल गांधी की प्रतिक्रिया नहीं आई थी। उन्होंने बुधवार को एक्स पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने हाथरस, उन्नाव और कठुआ में हुई यौन उत्पीड़न की घटनाओं का भी जिक्र कर दिया। इस तरह इशारे में ही उन्होंने ममता बनर्जी के अलावा भाजपा शासित राज्यों की सरकारों को भी कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की वीभत्स घटना से पूरा देश स्तब्ध है।

### चीन, पाकिस्तान को पस्त करेंगे अपने 'हंटर-किलर'

● भारत ने यूएस से 31 एमक्यू-9बी खरीद के लिए तेज की सौदेबाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन और पाकिस्तान को काउंटर करने के लिए भारत अमेरिका से 31 एमक्यू–9 बी ड्रोन खरीदने की तैयारी कर रहा है। ये ड्रोन हंटर–किलर के नाम से जाने जाते हैं और दुश्मन पर नजर रखने और हमला करने में सक्षम हैं। यह कदम चीन और पाकिस्तान की तरफ से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के मद्देनजर उठाया जा रहा है। दोनों देशों ने हाल ही में अपने ड्रोन बेड़े को मजबूत किया है। भारत का लक्ष्य इस साल नवंबर–दिसंबर तक इस बड़े सौदे को अंतिम रूप देना है। दोनों देशों के बीच इस सौदे को लेकर काफी समय से बातचीत चल रही है। अब इसी साल सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि बातचीत अब एक उन्नत चरण में है। गार्जियन थल सेना और वायुसेना के लिए होंगे।

### राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि 15 अगस्त को भारत गौरवशाली आजादी के 77 वर्ष पूरे कर रहा है। हमारी आजादी की लड़ाई लंबी और कठिन थी। इसमें असंख्य बहादुर लोगों ने अपना बलिदान दिया। स्वतंत्रता दिवस उन समस्त महापुरुषों और बलिदानियों को नमन करने का सुअवसर है। उन असंख्य सेनानियों जिन्होंने अपने–अपने तरीकों से भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में योगदान दिया है।

## शान से लहराएगा तिरंगा

# आज आजादी की धूम

**पीएम मोदी लगातार 11वीं बार लालकिले की प्राचीर पर फहराएंगे तिरंगा**

**हर्षोल्लास के साथ मनेगा आजादी का पर्व, 'विकसित भारत' की है थीम**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत कल 15 अगस्त को अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है, इसे लेकर पूरे देश में तैयारियां शुरू पूरी कर ली गई हैं। हर घर तिरंगा यात्रा शुरू कर दी गई है, जगह-जगह हाथ में ध्वज लेकर लोग सड़कों पर निकल चुके हैं। तस्वीरें आ रही हैं जहां पर सबसे लंबी कतारें बनाने का रिकॉर्ड बनाने की होड़ लगी हुई है। हर कोई बस तिरंगे की







के तमाम बड़े मंत्री और खुद पीएम मोदी ने भी एक्स प्लेटफॉर्म पर अपनी डीपी चेंज कर ली है, सभी ने तिरंगा लगा इस आंदोलन को आगे बढ़ाने की कवायद की है।

### स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली, पंजाब में फिदायीन हमले का खतरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली और पंजाब में स्वतंत्रता दिवस के आसपास आतंकी हमले की आशंका है। खुफिया एजेंसियों को जम्मू में सक्रिय एक आतंकी समूह के एक या दो आतंकियों की तरफ से फिदायीन हमले की साजिश की जानकारी मिली है। 15 अगस्त को सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के कारण आतंकी उसके एक या दो दिन बाद फिदायीन हमले की साजिश रच रहे हैं। खुफिया सूत्रों के हवाले से बताया है कि जम्मू–कश्मीर के कठुआ से सटे एक गांव में हाल ही में हथियारों के साथ दो अज्ञात लोगों की आवाजाही देखी गई थी।

### पंचायत प्रतिनिधि से लेकर लखपति दीदी तक 400 महिलाएं बढ़ाएंगी शान

लाल किले पर आयोजित होने वाले 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभर से 400 महिला पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया है। पंचायती राज मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि पंचायती राज संस्थाओं की लगभग 400 महिला प्रतिनिधियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में लाल किले पर आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा लखपति दीदियों और ड्रोन दीदियों को भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए करीब 45 लखपति दीदियों और करीब 30 ड्रोन दीदियों को भी विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें सम्मानित भी किया।

## मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में मिली मान्यता

भोपाल। मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में मान्यता मिली। इससे देश में रामसर साइट की सूची 82 से बढ़कर 85 हो गई है। यह उपलब्धि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मिली है। पर्यावरण मंत्री श्री राम निवास रावत ने अधिकारियों की टीम को बधाई दी है। केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने अपने ट्वीट में बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भारत को यह संकल्प लेना चाहिये कि विकसित भारत'' एक हरित भारत है। तवा जलाशय, तवा और देनवा नदियों के संगम पर है। तवा रिजर्वायर की प्रमुख सहायक नदियाँ मलानी, सोनभद्र, और नागद्वारी हैं। तवा नदी महादेव पहाड़ियों से उत्पन्न होती है, बैतूल जिले से बहती है और नर्मदापुरम जिले में नर्मदा नदी से मिलती है। यह नर्मदा नदी की सबसे लंबी सहायक नदी है (172 किमी)। तवा रिजर्वायर इटारसी शहर के पास स्थित है। रिजर्वायर मुख्यत: सिंचाई के उद्देश्य से निर्मित किया गया था। हालांकि, बाद में इसका उपयोग विद्युत उत्पादन और मत्स्य पालन के लिए भी किया जा रहा है। तवा रिजर्वायर का कुल जलमग्न क्षेत्र 20,050 हेक्टेयर है। रिजर्वायर का कुल जलग्रहण क्षेत्र 598,290 हेक्टेयर है। तवा जलाशय वन विभाग, नर्मदापुरम जिले के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। रिजर्वायर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अंदर स्थित है और सतपुड़ा नेशनल पार्क और बोरी वन्यजीव अभयारण्य की पश्चिमी सीमा बनाता है। रिजर्वायर जल जीवों और वन्य जीवों के लिए महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से पक्षियों और जंगली जानवरों के लिए। यहाँ कई दुर्लभ और संकटग्रस्त पौधों, सरीसृपों और कीटों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास है। यह मध्य प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है। यह क्षेत्र पारिस्थितिकीय, पुरातात्विक, ऐतिहासिक और वनस्पति के दृष्टिकोण से कई अनूठी विशेषताओं से सम्पन्न है

## गैंगरेप के बाद हत्या, ब्रेस्ट भी काटे, प्राइवेट पार्ट पर चाकू मारा

● मुजफ्फरपुर में मां-पिता के सामने छात्रा को उठाया, कहा-तुम्हारी बेटी के साथ रेप करेंगे

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर में 9वीं क्लास की छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके ब्रेस्ट काट दिए। प्राइवेट पार्ट पर भी चाकू से हमला किया। सोमवार को उसका शव अर्धनग्न हालत में पोखर में मिला। उसके मुंह पर कपड़ा बंधा था। अगल-बगल मांस के चिथड़े और



खून के धब्बे पड़े थे। पीड़ित छात्रा के परिवार का कहना है कि रविवार की रात 5 लोग घर से बेटी को उठाकर ले गए। उन्होंने कहा कि तुम्हारी बेटी के साथ रेप करेंगे। छात्रा की मां ने थाने में लिखित शिकायत की है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जिसमें गांव के ही संजय राय (41) समेत पांच अज्ञात को आरोपी बनाया है। एफआईआर में मां ने बताया कि रविवार की रात मेरे पति और बेटा घर के बाहर सोए थे। घर के अंदर मैं, छोटी बेटी और मेरी एक विधवा बेटी सोई थी।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, स्टूडेंट्स का सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप

**कहा-घटनास्थल से 20 मीटर दूर पुलिस के सामने हो रही तोड़फोड़**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में अस्पताल प्रशासन पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट ने आरोप लगाया है कि अस्पताल प्रशासन सबूतों से छेड़छाड़ कर रहा है। उन्होंने वीडियो शेयर कर कहा- सेमिनार हॉल से 20 मीटर की दूरी पर चेस्ट डिपार्टमेंट के ऑफिस में तोड़फोड़ हो रही है। पुलिस के सामने रिनोवेशन के नाम पर सबूतों से छेड़छाड़ हो रही है। दरअसल, 9 अगस्त को इसी सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न बॉडी मिली थी। डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में रेप के बाद मर्डर की बात कही गई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने केस की जांच सीबीआई को सौंपी। बुधवार सुबह आरोपी संजय को





सीबीआई ने कस्टडी में लिया। डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए कानून की मांग को लेकर देशभर के डॉक्टर्स हड़ताल कर रहे हैं। सीबीआई ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार सुबह कोलकाता पुलिस ने सीबीआई टीम को केस डायरी सौंपी। इसके बाद सीबीआई टीम आरोपी संजय को पूछताछ के लिए ऑफिस लेकर आई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय बोले- हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश का स्वागत करता हूं।

## अरविंद केजरीवाल को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका, जेल में ही रहेंगे सीएम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को खारिज कर दिया है। असल में कथित शराब घोटाले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत चाहते थे, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इसी वजह से एक याचिका दायर की थी लेकिन सर्वोच्च अदालत का दो टूक कहना है कि जब तक दोनों ही पक्षों का ना सुन लिया जाए, किसी तरह की राहत नहीं दी जा सकती है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त होने जा रही है, तब सबसे पहले सीबीआई को ही अपना जवाब देने का मौका मिलेगा। समझने का प्रयास रहेगा कि केजरीवाल क्या सही में इस मामले में दोषी हैं या फिर उन्हें जमानत का अधिकार दे देना चाहिए। वैसे कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने ही मनीष सिसोदिया को जरूर बड़ी राहत देने का काम किया था। उन्हें उसी शराब घोटाले में बेल दी गई थी, यहां तक कहा गया था कि निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाओं पर ठीक तरह से गौर नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट का तब तर्क रहा था कि सिसोदिया तो सिर्फ अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए जमानत चाहते थे।

# अयोध्या में रामपथ-भक्तिपथ से 50 लाख की लाइटें चोरी

**3800 बैबू लाइट और 96 प्रोजेक्टर गायब, सीसीटीवी से लैस, फोर्स रहती है तैनात**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या के रामपथ और भक्तिपथ से 50 लाख की लाइटें चोरी हो गईं। 3800 बैम्बू लाइट और 96 गोबो प्रोजेक्टर गायब मिले हैं। रामपथ और भक्तिपथ सीसीटीवी कैमरों से लैस है। 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है। दोनों पथ राम मंदिर से जुड़े हैं। लाइटों को लगाने वाली कार्यदायी संस्था यश इंटरप्राइजेज के कर्मचारी शेखर शर्मा ने मंगलवार को रामजन्मभूमि थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया- रामपथ के पेड़ों पर 6400 बैम्बू लाइट, भक्तिपथ पर 96 गोबो प्रोजेक्टर लाइटें लगाई गई थीं। 19 अप्रैल तक सभी लाइटें थीं। 19 मई को निरीक्षण किया गया। इसमें पता चला कि कुछ लाइटें कम हैं। अब तक 3800 बैम्बू लाइट और 36 गोबो प्रोजेक्टर लाइट चोरी हो चुकी हैं। थाना रामजन्मभूमि के टीआई देवेंद्र पांडेय ने बताया- मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पथों पर लगे सीसीटीवी को देखा जा रहा है। वहीं, कमिश्नर गौरव दयाल ने कहा- इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच लाइट चोरी होना संभव नहीं है। हो सकता है कि बंदरों ने कुछ लाइटों को क्षतिग्रस्त कर दिया। रामपथ की लंबाई 13 किलोमीटर है। इसमें हाई रेजुलेशन 25 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इनकी क्षमती ऐसी है कि लोगों के हाथ की लकीरें तक कैप्चर कर सकते हैं। वहीं, भक्ति पथ की लंबाई 800 मीटर है। इसमें जगह-जगह 12 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। दोनों पथों पर लगे सीसीटीवी को नए घाट पर बने कंट्रोल रूम से मॉनीटर किया जाता है। दोनों पथों पर ट्रैफिक, सिविल और एसटीएफ के करीब 1000 जवान 50-50 मीटर की दूरी पर तैनात रहते हैं।



## शेख मुजीबुर्रहमान की पुण्यतिथि पर होने वाली छुट्टी भी रद्द

● अपने राष्ट्रपिता से जुड़ी हर पहचान मिटाने में लगा बांग्लादेश!



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 15 अगस्त के राष्ट्रीय अवकाश को रद्द कर दिया है। मंगलवार को सलाहकार परिषद की बैठक में 15 अगस्त की छुट्टी को खत्म करने की मंजूरी दी गई। 15 अगस्त देश के संस्थापक और शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की पुण्यतिथि है। उनकी 15 अगस्त, 1975 में ढाका में परिवार के साथ हत्या कर दी गई थी।

## विनेश फोगाट को मिलेगा सिल्वर मेडल! मामले में डब्ल्यूएफआई ने सुनाई अच्छी खबर

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला फिर 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया गया है। विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल मिलेगा या नहीं, इसको लेकर खेल पंचाट को मंगलवार को फैसला सुनाना था लेकिन पिछले एक सप्ताह के अंदर तीसरी बार फैसले के समय को टाल दिया गया है। जिससे 29 वर्षीय पहलवान के साथ-साथ फैंस का भी इंतजार बढ़ गया है। इस बीच पहलवान विनेश फोगाट की अयोग्यता पर फैसले में हो रही देरी पर भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी ने कहा है कि उन्हें लगता है कि फैसला एथलीट के पक्ष में आएगा। भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी ने एएनआई से बातचीत में कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन, मुझे लगता है कि विनेश के पक्ष में कुछ न कुछ जरूर आएगा। ऐसा लगता है कि कुछ ताकतवर लोग इसमें शामिल हैं और उसे मेडल मिलेगा। मैं कहूंगा कि उनके स्टाफ की गलती है। वजन कैसे कम करना है, ये उनका काम है। लेकिन देखते हैं 16 अगस्त को क्या होता है। जय प्रकाश ने आगे कहा कि, बड़े वकील हैं पीएम मोदी ने खुद इस पर संज्ञान लिया है और मुझे लगता है कि फैसला हमारे पक्ष में होगा।

वहीं भारतीय ओलंपिक

## 10 सितंबर से पहले हॉकी टीम से मिलकर भविष्य की योजना बनायेंगे-खेल मंत्री मनसुख मांडविया

नयी दिल्ली । खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें। उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया। मांडविया ने कहा, ''आप लोगों का प्रदर्शन शानदार रहा, हम स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए, लेकिन हम इसके बहुत करीब पहुंच गए थे और सेमीफाइनल में हार के बाद जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यह सफर का अंत नहीं है और मैं 10 सितंबर तक आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें। मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा।'' खेल मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय दल भले ही पिछले तोक्यो ओलंपिक के पदकों की बराबरी नहीं कर सका लेकिन वह उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। तोक्यो में भारत ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे लेकिन पेरिस में देश केवल छह पदक ही जीत सका जिसमें पांच कांस्य पदक और एक रजत पदक शामिल है।

हालांकि भारतीय खिलाड़ी सात स्पर्धाओं में पदक से चूककर चौथे स्थान

## श्रीजेश के संन्यास के साथ ही जर्सी नंबर 16 की भी हुई विदाई, भारतीय हॉकी में नहीं दिखेगी अब

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। लगातार दूसरी बार ओलंपिक में टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। भारतीय हॉकी टीम ने अपने गोलकीपर श्रीजेश को बेहतरीन विदाई दी, लेकिन सिर्फ श्रीजेश ही विदा नहीं हुए बल्कि उनकी 16 नंबर की जर्सी भी विदा हो गई है। इसका मतलब ये है कि अब भारतीय हॉकी टीम में 16 नंबर की जर्सी नहीं दिखेगी। सीनियर भारतीय हॉकी टीम से जर्सी नंबर 16 को रिटायर कर दिया गया है। इसके साथ ही पीआर श्रीजेश को बड़ी जिम्मेदारी भी मिली है। उन्हें जूनियर टीम का कोच बनाया गया है। हॉकी इंडिया ने दिल्ली में एक इवेंट के दौरान बुधवार को श्रीजेश की जर्सी को सीनियर टीम से रिटायर करने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलनाथ सिंह ने कहा कि, श्रीजेश अब जूनियर टीम के कोच बनने जा रहे हैं और हम सीनियर टीम के लिए नंबर 16 जर्सी को रिटायर कर रह रहे हैं। हम जूनियर टीम के लिए नंबर 16 को रिटायर नहीं कर रहे हैं। श्रीजेश दूसरी जूनियर टीम में तैयार करेंगे।

# रोहित शर्मा ने इस खिलाड़ी को पछाड़ा




नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा टीम का कोई बल्लेबाज नहीं चला था। इस दौरान रोहित ने 3 मैचों में 157 रन बनाए थे। इससे उनको बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ। वह वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और पूर्व कप्तान विराट कोहली के बीच कड़ी टक्कर चल रही है। जहां रोहित नंबर 2 पर पहुंचे हैं उन्होंने गिल को पछाड़ा है। दोनों के बीच सिर्फ 2 रेटिंग पाइंट का अंतर है। विराट कोहली भी दोनों से ज्यादा पीछे नहीं हैं। कोहली 746 रेटिंग पाइंट के साथ चौथे नंबर पर हैं। गिल 763 रेटिंग पाइंट के साथ तीसरे और रोहित 765 रेटिंग पाइंट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। जबकि पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम 824 रेटिंग पाइंट के साथ पहले नंबर पर हैं। भारतीय क्रिकेट टीम को अगले साल वनडे खेलना है, ऐसे में बाबर को खतरा नहीं है। श्रीलंका के खिलाड़ी पथुम निसांका ने भारत के खिलाफ सीरीज में 101 रन बनाए। वह रैंकिंग में नंबर 8 पर पहुंच गए। श्रीलंका ने वनडे सीरीज 1997 के बाद पहली बार भारत को हराकर 27 साल का सूखा खत्म किया। ऐसे में कुसल मेंडिस और अविष्का फर्नांडो को भी बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ। त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज और दक्षि अफ्रीका के बीच मैड ड्रॉ के होने बाद टेस्ट में भी खिलाड़ियों की रैंकिंग में कुछ बदलाव आए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। वह कैरेबियाई टीम के खिलाफ 86 और नाबाद 15 रन बनाने के बाद टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## रिकी पोंटिंग ने की गौतम गंभीर और जेसन गिलेस्पी की तुलना

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन गिलेप्सी पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए टेस्ट कोच बने हैं। वहीं अब पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने गिलेप्सी की तारीफ करते हुए उनकी तुलना गौतम गंभीर से की है। पोंटिंग का कहना है कि दोनों गहराई से सोचते हैं और शांत तरीके से काम करते हैं। पोंटिंग ने गिलेस्पी को लेकर व्हाट्सअप ग्रुप वाला खुलासा भी किया है। बता दें कि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस साल अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज गिलेस्पी को कोच नियुक्त किया है। वहीं पीसीबी ने वनडे और टी20 टीम का हेड कोच साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को बनाया। पोंटिंग



और गिलेस्पी लंबे समय तक साथ खेल चुके हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि, जेसन गिलेस्पी कुछ हद तक गंभीर जैसे हैं। वो जहां भी गए हैं, उनका कोचिंग रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उन्हें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन वे कीफ सोच-विचार करने वाले शख्स हैं और फिर अपना काम करेंगे। वह शांत हैं और अपने तरीके से काम करते हैं। साथ ही पोंटिंग ने दावा किया है कि, गिलेस्पी की कोचिंग में पाकिस्तान टीम में बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि, पिछले कई सालों से हमारे कुछ व्हाट्सएप ग्रुप हैं, ग्रुप में पुराने खिलाड़ी हैं जो एकसाथ खेल चुके हैं। सभी ने नई जिम्मेदारी के लिए गिलेस्पी को शुभकामनाएं दीं। देखिए, ईमानदारी से कहूं तो मैं टीम में बदलाव होने पर बिल्कुल भी हैरान नहीं होने वाला हूं। मुझे पता है कि ये एकअलग फॉर्मेट है लेकिन पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बहुत निराशाजनक प्रदर्शन किया। अगर आप कुछ बदलाव करने को तैयार नहीं हैं तो आप इसी तरह के नतीजों की उम्मीद कर रहे हैं।

## मोर्नी मोर्कल बने टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच, 1 सितंबर से संभालेंगे कमान



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को आखिरकार अपना गेंदबाजी कोच मिल ही गया। दरअसल, साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेदंबाज मोर्नी मोर्केल को टीम इंडिया का नया बॉलिंग कोच बनाया गया है। उनका कॉन्ट्रैक्ट 1 सितंबर से शुरू होगा। जय शाह ने इस बात की जानकारी खुद एक क्रिकेट वेबसाइट को दी है। बता दें कि, गौतम गंभीर ने पहले भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड से गेंदबाजी कोच के पद के लिए मोर्कल के नाम पर विचार कनरे का अनुरोध किया था। मोर्केल ने 2006 से 2018 के बीच 86 टेस्ट, 117 वनडे और 44 टी20 मैच खेले हैं। बता दें कि, गंभीर और मोर्कल दोनों के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स में अच्छे संबंध रहे हैं। जहां, गंभीर ने दो साल तक मेंटर के रूप में काम किया। गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल होने और हेड कोच एंडी फ्लावर के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में चले जाने के बाद मोर्कल नए हेड कोच जस्टिन लैंगर के साथ फ्रैंचाइजी के गेंदबाजी कोच के रूप में बन रहे। मोर्नी मोर्कल ने नवंबर 2023 तक पाकिस्तान की नेशनल क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। मोर्कल ने 2006 में टेस्ट मैच में डेब्यू किया और दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए 86 टेस्ट खेले। मार्च 2018 में वह दक्षिण अफ्रीका के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बने। उन्होंने 117 वनडे इंटरनेशनल और 44 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेले, 2007 में उन्होंने दो फॉर्मेट में डेब्यू किया था।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का बना मजाक




कराची। पाकिस्तान और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज से पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड मजाक बन कर रह गया है। दरअसल, पाकिस्तान के स्टेडियम में मैच देखना बेहद सस्ता हो गया है। टिकट इतना सस्ता है कि हर कोई पीसीबी पर हंस रहा है। सोमवार को पाक बोर्ड ने सस्ती टिकटों की घोषणा की, सबसे सस्ता टिकट पाकिस्तानी 50 रुपये है यानी कि भारतीय रुपये के हिसाब से देखा जाए तो महज 15 रुपये, अब पाकिस्तानियों को कौन समझाए कि इससे ज्यादा का तो भारत में एक समोसा आता है। भारतीय यूजर्स एक्स पर जमकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को ट्रोल कर रहे हैं। भारत के लोग मजाक बना रहे हैं कि 15 रुपये में तो भारत में समोसा मिलता है। पीसीबी की तफ से घोषणा की गई है कि दोनों टेस्ट मैचों के टिकट किफायती दर पर रखे गए हैं। इसके अनुसार, सीरीज के लिए टिकट की कीमतें 50 रुपये से लेकर फुल हास्पिटेलिटी बॉक्स के लिए 2 लाख 50 हजार तक हैं। बता दें कि, पाकिस्तान सुपर लीग सहित अन्य आयोजनों को देखने के लिए लोगों की भीड़ नहीं आती है।

इसे देखते हुए पीसीबी ने लोगों को आकर्षित करने के लिए सस्ते टिकट जारी किए हैं। टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेशी टीम लाहौर पहुंच चुकी है। सीरीज की शुरुआत से पहले टीम लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में 3-3 दिन तक अभ्यास करेगी। बांग्लादेश टीम में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेट टीम में वापसी हो गई है। नजमुल हसन शांतो को नया कप्तान नियुक्त किया गया है।

## अपनी विदाई देखकर श्रीजेश को आई सचिन तेंदुलकर की याद

नई दिल्ली। ''बचपन से हम सचिन तेंदुलकर का नाम ही सुनते आये हैं और मैदान में सचिन सचिन का शोर सुना है , जब ओलंपिक में आखिरी चार मैचों में मुझे श्रीजेश श्रीजेश सुनाई दिया तो मुझे उनकी क्रिकेट से विदाई याद आ गई '', यह कहना है भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का। तोक्यो के बाद पेरिस ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीतकर श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कह दिया। उनकी विदाई के साथ ही भारतीय हॉकी से 16 नंबर की जर्सी भी रिटायर कर दी गई। यह पूछने पर कि रिटायर होने के बाद सबसे ज्यादा क्या 'मिस' करेंगे, श्रीजेश ने अपने सम्मान समारोह के बाद से कहा ,''जैसे सचिन ने कहा था कि मैदान में 'सचिन सचिन ' का शोर वह कभी भुला नहीं पायेंगे तो ओलंपिक में आखिरी चार मैचों से मुझे भी यह सुनाई दे रहा था ' श्रीजेश श्रीजेश '। हमने बचपन में बस सचिन सचिन ही सुना है और उस पल मुझे एकबारगी लगा कि मैंने भी देश के लिये कुछ किया है।'' उन्होंने कहा ,'' मैं मैदान में उतरते समय पैड पहनना मिस करूंगा। लोग पहले दाहिना पैर रखते हैं लेकिन मैं बायां पैर पहले रखता था।'' भारत के लिये 336 मैच खेल चुके इस दिग्गज ने कहा ,'' हॉकी में वॉर्मअप , रूम, मीटिंग, खिलाड़ियों को मैदान पर गालियां देना , साथ में खाना सब कुछ मिस



करूंगा। मेरा जीवन अब तक टीम के साथ ही रहा है , इनके बिना मुझे कुछ पता नहीं है। अब इनके बिना जिंदगी के बारे में सोचना पड़ेगा।'' जूनियर टीम के कोच बनने जा रहे श्रीजेश ने कहा ,''अभी सोचा ही नहीं है कि रिटायर्ड लाइफ कैसी होगी। घर जाकर पहले दिन सोकर उठूंगा तो क्या करूंगा , अभी दिमाग को सिखाना होगा कि पिछले चौबीस साल का रूटीन बदल गया है। वैसे ऐसा होगा नहीं , फिटनेस का रूटीन खराब नहीं करूंगा।'' उन्होंने कहा,'' पिछले 24 साल से एक ही रूटीन रहा है। ट्रेनिंग, जिम, टीम मीटिंग्स वगैरह जिसके अलावा जीवन में कुछ किया ही नहीं है।अभी ओणम आ रहा है। अब तक ओणम पर पायसाम (खीर) खाने के समय दो चम्मच पर रूक जाना पड़ता था कि फैट हो जायेगा। अब यह सब बदल जायेगा।'' उन्होंने कहा कि अपने कैरियर पर उन्हें गर्व है क्योंकि उनके बच्चों को उन पर गर्व है।

उन्होंने कहा ,'' बेटे को समझ में आ गया है कि अब पापा ज्यादा समय हमारे साथ रहेंगे। वो बोलता है कि पापा अभी और खेलो क्योंकि स्कूल में सभी को पता है कि उनके पापा देश के लिये खेलते हैं। उसने मेरे पदक असैंबली में दिखाये थे। मेरे लिये यह गर्व का पल है क्योंकि मेरे बच्चों को मुझ पर गर्व है।'' अपनी पत्नी अनीश्या को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा ,'' शादी के समय मैने उससे कहा था कि तुम डॉक्टर हो और आजीवन रहोगी लेकिन मैं खिलाड़ी हूं और मेरा कैरियर बहुत कम है इसलिये मैं जब तक खेल रहा हूं, मुझे खेलने दो। तुम घर संभालो। उसने कभी ना नहीं बोला। उसने मेरे मम्मी पापा, बच्चों और घर को संभाला और वह नहीं होती तो मैं यहां तक नहीं पहुंचता।

## हार्दिक पंड्या हैं चीटर! नताशा से अलग होने के बाद इस हसीना को कर रहे हैं डेट

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या किसी ना किसी कारण चर्चाओं में बने रहते हैं। फिर चाहे वो उनका क्रिकेट हो या फिर उनकी पर्सनल लाइफ, कुछ दिनों से वह अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में थे। जिसके बाद वह अपनी पत्नी नताशा स्टेनकोविक से तलाक लेकर अलग हो गए। वहीं अभी उनके तलाक को एक महीना भी नहीं हुआ था कि, अब उनका नाम एक और हसीना से जुड़ने लगा है। दरअसल, कहा जा रहा है कि, हार्दिक पंड्या और ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस दौरान दोनों की तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं।

बता दें कि, अटकलें लगाई जा रही हैं कि हार्दिक पंड्या और जैसमीन एक साथ ग्रीस में छुट्टी मना रहे हैं। ये अफवाहें तब से शुरू हुई जब से हार्दिक और जैसमीन ने एक ही पूल के किनारे से इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की। दोनों ने एक ही पूल की लोकेशन के फोटो और वीडिया अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए हैं। जिसके बाद कहा जा रहा है कि, हार्दिक पंड्या ने नताशा को चीट किया। जहां एक तरफ जैसमीन ने ब्लू बिकनी में अपनी एक सिजलिंग तस्वीर पोस्ट की है। वो पूल के



किनारे स्टाइलिश पोज़ देती नजर आ रही हैं। उन्होंने स्ट्रॉ हैड और ओवरसाइज सनग्लासेस के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया। इसके कुछ समय बाद ही हार्दिक पंड्या ने उसी पूल के चारों ओर घूमते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। इस दौरान वह क्रीम कलर की पैंटस ओवरसाइज्ड शर्ट और सनग्लासेस लगाए नजर आ रहे हैं। वहीं हार्दिक पंड्या ने जैसमीन की तस्वीरों पर कोई कमेंट्स नहीं किए हैं लेकिन उन्होंने उनकी तस्वीरें लाइक जरूर की हैं। बता दें कि, जैस्मिन वालिया एक ब्रिटिश सिंगर है। इसके अलावा वह टेलीविजन पर्सनैलिटी भी हैं। जैस्मिन ने टी-सीरीज के साथ भी काम किया है और उन्होंने दम दे दम और बूम डिगी डिगी जैसे गाने गाए हैं।

